


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 06, अंक 181 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, मंगलवार 06 अगस्त 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### नीट पेपर लीक मामले में एक और सॉल्वर गिरफ्तार, सीबीआई ने 5 दिन की रिमांड में भेजा

**नई दिल्ली।** नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया है। राजस्थान के भीलवाड़ा स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे संदीप से सीबीआई पूछताछ कर रही थी। इसके बाद सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसे पटना स्थित सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने संदीप को 5 दिनों की सीबीआई रिमांड में भेजा है। संदीप के पहले सीबीआई ने राजस्थान से कुमार मंगलम बिश्नोई और दीपेंद्र शर्मा को गिरफ़्तार किया था। अब तक कुल 9 मेडिकल के छात्र जिन्होंने सॉल्वर का काम किया था गिरफ़्तार हो चुके हैं जिसमें पटना एम्स के चार छात्र हैं। बता दें कि गुरुवार को नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल कर दी है।

### अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही, 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। पिछले 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। रविवार को 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में सुबह 3ः25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

### बांग्लादेश में बिगड़ते हालात को देखते हुए शेख हसीना ने देश छोड़ा

# प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा-भारत में शरण...डोभाल से मुलाकात

ढाका/ एजेंसी

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन लगातार जारी है। यहां रविवार शाम छह बजे से कर्फ्यू लगा हुआ है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक हिंसा में कम से कम 300 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बिगड़ते हालात को देखते हुए यहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश छोड़ दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबित वह हेलीकॉप्टर से भारत के लिए रवाना हो गई हैं। वहीं, सूत्रों की माने तो पीएम हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार शेख हसीना अपनी बहन के साथ भारत के लिए रवाना हो गई हैं। लेकिन वहीं अन्य रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि वह लंदन जा सकती हैं। इससे पहले रॉयटर्स ने एक सूत्र का हवाला देते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बहन को आधिकारिक आवास से दूर एक सुरक्षित आश्रय में ले जाया गया है। उसके थोड़ी देर बाद ही एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि पीएम हसीना भारत के लिए रवाना हो गई हैं। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर हो गए हैं। यहां के प्रधानमंत्री आवास में प्रदर्शनकारी घुस गए हैं। वहीं, देश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक अंतरिम सरकार का गठन करेंगे। देश में जल्द सबकुछ सही हो जाएगा। आपको बता दें कि बांग्लादेश में हाल ही में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिसंक झड़पें हुई हैं। दरअसल, प्रदर्शनकारी छात्र विवादित आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत बांग्लादेश के लिए वर्ष 1971 में आजादी की लड़ाई लड़ने वाले स्वतंत्रता संग्रामियों के परिवारों के लिए 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियां आरक्षित की गई हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शेख हसीना के एक वरिष्ठ सलाहकार ने सोमवार को पहले ही बता दिया था कि ऐसी उम्मीद है कि पीएम



अपने पद से इस्तीफा दे सकती हैं। नाम न छापने की शर्त पर सहयोगी ने कहा था, 'हालात ऐसे बन रहे हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह कैसे होगा। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के बेटे साजिब वाजेद जॉय ने सुरक्षा बलों से सरकार से जुड़े लोगों के अलावा सभी उपद्रवियों को रोकने का अनुरोध किया है। अमेरिका में रहने वाले जॉय ने फेसबुक पोस्ट में कहा, 'आपका कर्तव्य हमारे लोगों और हमारे देश को सुरक्षित रखना और संविधान को बनाए रखना है। उन्होंने जोर देकर कहा, 'इसका मतलब है कि किसी भी अनिर्वाचित सरकार को एक मिनट के लिए भी सत्ता में न आने दें, यह आपका कर्तव्य है।'पीएम हसीना के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सलाहकार के रूप में काम करने वाले जॉय ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें कार्यालय से बाहर कर दिया। गया तो बांग्लादेश द्वारा की गई प्रगति खतरे में पड़ सकती है। हमारा विकास और प्रगति सब कुछ गायब हो जाएगा। बांग्लादेश वहां से वापसी नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं चाहता और आप भी ऐसा नहीं चाहते। मैं जब तक इसे रोक सकता हूं, तबतक ऐसा नहीं होने दूंगा।' एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि इन तनावों के बीच बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार-उज-जमां देश को संबोधित करने वाले हैं। सिविल सेवा नौकरियों के कोटा के खिलाफ पिछले महीने शुरू हुई रैलियां हसीना के 15 साल के कार्यकाल की सबसे गंभीर अशांति में बदल गई हैं और उनके इस्तीफे की व्यापक मांग में बदल गई हैं। वर्तमान हालात बांग्लादेश में अतीत की राजनीतिक उथल-पुथल की गूंज है।

### बांग्लादेश हिंसा में पीएम मोदी की एंट्री, अब होगा कोई बड़ा खेल

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। संसद भवन के कक्ष में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश में हुए हालात की जानकारी दी है। पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा की खबर है। भारत का स्टैंड पूरे मुद्दे पर क्या होगा। भारत रणनीतिक, राजनयिक और सैन्य तौर पर कैसे आगे बढ़ेगा। इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि अप्रोपिएशन बिल लोकसभा में पारित हुआ। उसके बाद पीएम मोदी संसद भवन के कमरे में गए। उनके पीछे पीछे विदेश मंत्री एस जयशंकर भी पहुंचे। जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि बांग्लादेश में जो हालात है। शेख हसीना का इस्तीफा हो गया। सेना द्वारा अंतरिम सरकार बनाई जाएगी। शेख हसीना का दिल्ली प्रवास और आगे भारत का पूरे मसले पर क्या स्टैंड होगा। विदेश सचिव या विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता भारत की तरफसे ऑफिशियल स्टेटमेंट देंगे। वो क्या होना चाहिए? बांग्लादेश खासकर शेख हसीना से भारत के रिश्ते बहुत अच्छे रहे हैं और उन रिश्तों के अनुसार उस पर ग्लोबली भारत का क्या स्टैंड होगा। पीएम मोदी की तरफसे निर्देश भी आगे के लिए मिलेगा। बांग्लादेश में हालिया दिनों में बढ़ते भारत विरोधी रूख को लेकर भी स्टैंड साफहोगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत में रहने के बाद लंदन के लिए उड़ान भरेगी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं है कि सैन्य परिवहन विमान उसे भारत से आगे ले जाएगा या वह एक अलग विमान से लंदन जाएगी। हालांकि ब्रिटेन ने बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के राजनीतिक शरण के अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार शेख हसीना कुछ दिनों तक भारत में रुकेंगी।

### विदेश मंत्री से मिले राहुल गांधी

## दोनों ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर गहन चर्चा की

नई दिल्ली/ एजेंसी

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के मानसून सत्र से इतर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों ने बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की। कांग्रेस सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट पर कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कहा कि हमें यह देखने को मिला कि वर्तमान स्थिति हमारी सीमा सुरक्षा को कैसे प्रभावित करने वाली है। यदि बांग्लादेश में कोई भारतीय नागरिक हैं तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे सभी सुरक्षित हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि हम यह भी सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि बांग्लादेश से हमारी सीमाओं में आने वाले शरणार्थियों की कोई आमद न



हो। सभी यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे हित सर्वोपरि हैं, राजनीतिक दल भारत सरकार के पीछे एकजुट होंगे। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए हमें अपनी सीमाओं को सुरक्षित रखना होगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार देश को मौजूदा स्थिति से अवगत कराये। बांग्लादेश में रहने वाले सभी भारतीय सुरक्षित रहें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। संसद भवन के कक्ष में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश में हुए हालात की जानकारी दी है। पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा की खबर है।

भारत का स्टैंड पूरे मुद्दे पर क्या होगा। भारत रणनीतिक, राजनयिक और सैन्य तौर पर कैसे आगे बढ़ेगा। इस बात को लेकर चर्चा की जाएगी। बताया जा रहा है कि अप्रोपिएशन बिल लोकसभा में पारित हुआ। उसके बाद पीएम मोदी संसद भवन के कमरे में गए। उनके पीछे पीछे विदेश मंत्री एस जयशंकर भी पहुंचे। जिसके बाद कयास लगाया जा रहा है कि बांग्लादेश में जो हालात है। शेख हसीना का इस्तीफा हो गया। सेना द्वारा अंतरिम सरकार बनाई जाएगी।

### मध्य प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बीते एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। फसलों को नुकसान हो रहा है और हादसे भी लगातार बढ़ रहे हैं। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में पिछले सात दिनों से कहीं रुक-रुक कर तो कहीं मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। निचली बस्तियों में पानी भर रहा है। पानी भरने से खेत तालाबों जैसे नजर आने लगे हैं। किसानों को फसल चौपट होने का खतरा सताने लगा है।

भोपाल में औसत बारिश से भी ज्यादा बारिश हो चुकी है। रविवार को भी झमाझम बारिश का दौर जारी है। राज्य के ज्यादातर इलाकों का यही हाल है। राज्य में जारी बारिश के कारण बरगी, इंदिरा सागर, कलियासोत, कोलार, तवा बांध, भदभदा सहित तमाम बांध लबालब हो गए हैं।

### लोकसभा में बोलीं निर्मला सीतारमण

## कागज लेकर आइए,सरकार पैसा देने को तैयार : वित्तमंत्री

नई दिल्ली/एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि सहारा की दो योजनाओं के तहत निवेशकों को कुल 25,000 करोड़ रुपये में से अब तक केवल 138.07 करोड़ रुपये वापस किये गये हैं। निचले सदन में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, सीतारमण ने कहा कि अब तक दावों की संख्या 19,650 है। उनके मुताबिक, इन दावों में से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उनके दावों का निपटारा किया जा सके। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती क्योंकि हर चीज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा



की जा रही है। सहारा रिफंड को लेकर पूछे गए सवाल पर सीतारमण ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार तो हाथ जोड़कर खड़ी है कि आइए सारे कागजात लाइए और अपने पैसे ले जाइए। लेकिन कोई आ नहीं रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग बाहर जाकर ये ना कहें कि सरकार पैसा नहीं दे रही है। सरकार तो पूरी तरह से तैयार है। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट सुपरवाइज कर रही है।सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीतारमण ने यह भी कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। एक सदस्य के सवाल पर कि सेबी की ऐसी कोई संपत्ति नहीं है जिसे नीलाम नहीं किया जा सके और निवेशकों को पैसा नहीं दिया जा सके, उन्होंने कहा, हां, सहारा की, जिसे सेबी नीलाम कर सकता है और पैसा वापस ले सकता है।

### अयोध्या में कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता बेहतर इलाज के लिए लखनऊ अस्पताल में भर्ती

**अयोध्या/ एजेंसी।** अयोध्या में कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म की शिकार नाबालिग लड़की को सोमवार दोपहर में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री रोग विभाग में भर्ती कराया गया. इससे पहले उसे बेहतर इलाज के लिए अयोध्या के महिला अस्पताल से लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेफर किया गया था. अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय जैन ने बताया था कि पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया है. उन्होंने बताया कि लखनऊ ले जाने के दौरान चिकित्सकों की एक टीम लड़की के साथ है. केजीएमयू लखनऊ के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, लड़की को क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डॉ. सुजाता देव के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक टीम उसकी निगरानी कर रही है. क्वीन मैरी अस्पताल, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ का प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग है. पुलिस ने 30 जुलाई को 12 साल की लड़की से कथित सामूहिक दुष्कर्म मामले में अयोध्या जिले के भदरसा में बेकरी संचालक मुईद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था. पुलिस के मुताबिक, मुईद खान और राजू खान ने दो महीने पहले लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म किया था और इस कृत्य को रिकॉर्ड भी किया था. चिकित्सा जांच में लड़की के गर्भवती होने की बात सामने आने के बाद मामले का खुलासा हुआ. बलात्कार पीड़िता को अयोध्या से लखनऊ ले जाया गया, इसके एक दिन पहले भाजपा के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या में 12 वर्षीय बलात्कार पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की थी. प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार से लड़की के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने का आग्रह किया था. प्रतिनिधिमंडल में शामिल राज्यसभा सदस्य संगीता बलवंत बिंद ने कहा कि लड़की की आपबीती सुनकर उनका खून खौल उठा और उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पहले भी इस तरह के अपराध किए हैं.



## संक्षिप्त समाचार

### आदिवासी गोवारी समाज के परिचय सम्मेलन में जुटे विवाह योग्य युवक-युवती



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** आदिवासी गोवारी समाज संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा सिविल लाईन कसारीडीह स्थित श्री साई बाबा मंदिर में आयोजित विवाह योग्य युवक व युवती परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से सामाजिकजन जुटे। सम्मेलन का समाज के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने युवक-युवती परिचय सम्मेलन की आवश्यकता को समाज हित में जरुरी बताते हुए आयोजन की सराहना की,तत्पश्चात विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर आकर बारी-बारी से अपना परिचय दिया। सम्मेलन में उच्च शिक्षित व नौकरी पेशा युवक-युवतियों ने भी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। आदिवासी गोवारी समाज संगठन छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री मुरलीधर राऊत ने बताया कि सामाजिक युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों को अच्छा जीवनसाथी चयन में सहयोग करना है। परिचय सम्मेलन से समाज के लोग एक स्थान पर एकत्रित होते है, जहां परिजनों को अपने पुत्र-पुत्रियों के लिए बेहतर रिश्ता ढुंढने में आसानी होती है। यह सम्मेलन अपने उद्देश्यों में सफल रहा। सम्मेलन में आदिवासी गोवारी समाज संगठन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष रुपेन्द्र रोहट, सहसचिव टेनेन्द्र ठाकरे,संगठन मंत्री मुरलीधर राऊत, युवराज राऊत, कमल नेवारे, प्रशांत राऊत,अन्य पदाधिकारियों के अलावा मध्यप्रदेश,गोंदिया महाराष्ट्र से सामाजिक युवक-युवती व उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### 10 लीटर अवैध शराब के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार

**भंवरपुर चौकी,थाना बसना महासमुन्द पुलिस की कार्यवाही**



**बसना ( समय दर्शन )।** पुलिस अधीक्षक महासमुन्द एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सराईपाली ने सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वाले के उपर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था जिसके तहत् समस्त थाना/चौकी प्रभारीयों व सायबर सेल महासमुन्द की टीम द्वारा अपने अपने क्षेत्र मे लगातार गस्त पेटोलिग कर मुखबिरो को सजग कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले एवं मादक पदार्थ परिवहन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। दिनांक 04/08/2024 को मुखबीर से मिली सूचनानुसार सजगता से चौकी प्रभारी मानसिंह राजपूत पुलिस अमला के साथ घटना स्थल महुआ पेड़ किनारे ग्राम चानट दलदली के मध्य रोड में पहुंचकर , आरोपी नोहर उर्फनहर पिता खगेश्वर सिदार उम्र 26 साल साकिन दलदली चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद छ0ग0 के द्वारा एक काला रंग के सुपर स्प्लेंडर बिना नंबर मोटर साइकिल कीमती 30000 के साथ में एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 10 लीटर प्लास्टिक जरकिन में भरी 10 लीटर कुल 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमती 2000 रूपये को बिक्री हेतु रखा था । मोटर साइकिल कीमती 30000 रुपए कुल जुमला ?32000 रुपए जप्त आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिर0 कर ज्यूडिसियल रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया । संपूर्ण कार्यवाही चौकी भंवरपुर ,थाना बसना जिला महासमुंद पुलिस के द्वारा किया गया ।

### सट्टा संचालित करते दो गिरफ्तार

**दुर्ग** जिले की पुरानी भिलाई पुलिस ने सट्टा पट्टी लिखते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से सट्टा पट्टी तथा 54930 रूपये नगदी रकम जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पुरानी भिलाई क्षेत्रांतर्गत 3 अगस्त को थाने की टीम भिलाई 03 क्षेत्र में टाउन भ्रमण पर रवाना हुई थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि पानी टंकी के पास दादर रोड चरोदा में दो व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख कर हार जीत का दांव लगा रहे है। जिसपर मौके पर पहुंचकर टीम ने रेड कार्यवाही करते हुए मौके पर दो व्यक्तियों को सट्टा पट्टी लिखते हुए पाया और उन्हें मौके पर पकड़ा गया ।

# थाना सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन स्कार्पियो में पुलिस सायरन एवं पुलिस नेम प्लेट का उपयोग करने वाले व्यक्ति के खिलाफकार्यवाही

**दन्तेवाड़ा** अवैध गतिविधियों एवं अपराधों को रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय जिला दन्तेवाड़ा के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के मार्ग दर्शन एवं राहूल उयके पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दन्तेवाड़ा के पर्यवेक्षण में निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध वाहनों का चेकिंग कर कार्यवाही कर रही है।

उसी तारतम्य में दिनांक 04/08/2024 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा प्रात: नक्सल सूचना अभियान पर गीदम गये थे, जो गीदम से वापस दन्तेवाड़ा आ रहे थे कि करीबन शाम 05.30 बजे के आसपास एक काले रंग के स्कार्पियो का चालक अपने वाहन को तेजगति से चलाते हुये दौड़ा रहा था जिसके सामने शीशे के पास पुलिस का नेम प्लेट लगा हुआ तथा पुलिस का हुटर




बज रहा था जो देखने मे ही संदिग्ध लग रहा था जिसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा चितालंका पेट्रोल पम्प के पास पकड़े और थाना सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा में सूचना देने पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर जाकर उक्त संदिग्ध वाहन स्कार्पियो को चेक करने पर उसमें पुलिस विभाग का नेम प्लेट लगा हुआ एवं पुलिस का सायरन का उपयोग करते हुये मिले। उक्त वाहन चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम संतोष कुमार जुर्री पिता रामलाल जुर्री, निवासी छोटे तुमनार, थाना गीदम, जिला दन्तेवाड़ा का रहने वाला बताया एवं उसके साथ बैठे तीन अन्य अशोक यादव पिता रज्जू यादव निवासी हितामेटा, हेमेशर यादव पिता स्व. सत्यनारायण यादव निवासी भैरमबंद, विमल यादव पिता मयाराम यादव निवासी छोटे तुमनार का होना बताये जिन लोगों से पुलिस नेम प्लेट एवं सायरन का उपयोग करने के संबंध मे पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नही दिये। पकड़े गये वाहन चालक संतोष कुमार जुर्री के द्वारा कपटपूर्ण आशय से पुलिस नेम प्लेट एवं सायरन का उपयोग करना पाये जाने से चालक के विरूद्ध धारा 205 बी.एन.एस. के तहत एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192,146/196,100,184 के तहत कार्यवाही कर उक्त स्कार्पियो वाहन, पुलिस नेम प्लेट, पुलिस हुटर को जप्त किया जाकर चालक संतोष जुर्री को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा, उपनिरीक्षक रामकुमार श्याम, किशोर जोशी कांस्टेबल केशव पटेल, दुग्गा का विशेष भूमिका रहा।

# सर्व आदिवासी समाज का गठन मनोनयन बैठक आज

**पिथौरा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक कांकेर व संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन शिशुपाल सोरी के आदेशनुसार महासमुंद जिला सर्व आदिवासी समाज का गठन मनोनयन बैठक कार्यक्रम दिनाँक 06/08/2024 दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर नगर पिथौरा में सम्पन्न होगा। जिसमें संरक्षक पूर्व (ढ्रस आई ए एस) बी पी एस नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य व प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश ध्रुव, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान,महासचिव पूर्व



(ढ्रस्आई ए एस) एम आर ठाकुर, पूर्व अपर कलेक्टर फूल सिंह नेताम, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग कुंदन सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बरिहा मोहित ध्रुव सहितअमात्य गोंड, ध्रुव गोंड, कंवर, सवरा, बिन्झवार,कौंध, कोड़ा सहित 42 जनजाति के सामाजिक जन उपस्थित रहेंगे।

# अमृत सरोवर तटों पर स्वतंत्रता दिवस पर होगा ध्वजारोहण

**पौधरोपण, तिरंगा यात्रा के साथ होंगे विविध आयोजन**

**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में आजादी के पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से निर्मित अमृत सरोवरों के तट पर उल्लासपूर्वक तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही पौधरोपण, तिरंगा यात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामूहिक परिचर्चा के साथ विविध आयोजन किए जाएंगे। आयोजन को लेकर जनपद पंचायत सीईओ को दिशा निर्देश दिए गए है जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे ने



बताया कि भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों में विशेष उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम के तहत अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण के आयोजन उपरांत राष्ट्रीय गान का गायन किया जाएगा। इसके उपरांत आमजन द्वारा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आमजनों, समुदाय के सदस्यों और स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक दिन के प्रभाव को बनाये रखने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया जायेगा।

# विहिप कार्यकर्ता अंजय ताम्रकार व उसके साथी पर जानलेवा हमला

**आरएसएस, विहिप व बजरंगियों के प्रदर्शन के बाद हरकत में आई पुलिस, 5 आरोपी हिरासत में**

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** मोहननगर पुलिस थाना अंतर्गत आर्यनगर क्षेत्र में रविवार की रात मारपीट की बड़ी वारदात सामने आई है। यहां आरएसएस कार्यालय के पास खड़े विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ता अंजय ताम्रकार व उसके एक साथी समर्थ ताम्रकार पर आसामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर उन्हें घायल कर दिया। लात, मुक्के और पत्थर के हमले से अंजय ताम्रकार को शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मारपीट का कारण सड़क से वाहन हटाने का विवाद को बताया गया है। विवाद से आक्रोशित आसामाजिक तत्वों ने अंजय ताम्रकार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। अंजय को आर्यनगर स्थित गायत्री हॉस्पिटल की ओर भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी। अंजय के पीछे-पीछे आसामाजिक तत्व भी गायत्री हॉस्पिटल पहुंच गए थे। बताया गया है कि गायत्री हॉस्पिटल में आसमाजिक तत्वों ने उत्पात मचाते



हुए तोड़फोड़ की,लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचते ही। सभी आसामाजिक तत्व फरार हो गए। बताया गया है कि मारपीट के दौरान आसामाजिक तत्व नशे में धुत थे। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता अंजय ताम्रकार व उसके साथी के साथ मारपीट की घटना की खबर लगने पर रात में ही विश्व हिन्दू परिषद्, आरएसएस व बजरंग दल के कार्यकर्ता मोहन नगर पुलिस थाना पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान आसामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी को लेकर थाने में जमकर नारेबाजी की और पुलिस पर दबाव बनाया। फ्लस्वरुप हरकत में आई पुलिस द्वारा मारपीट करने में शामिल बापू, राधे, लक्की सरदार, नितेश जैन, विकास ठाकुर को रात में ही हिरासत में ले लिया गया। सभी ग्रीन चौक क्षेत्र के निवासी बताए गए है। मारपीट की इस घटना में पुलिस को अभी भी एक दर्जन से अधिक युवकों की तलाश है। जिनके पुलिस द्वारा सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। मारपीट की इस घटना के रात में सामने आने से मोहननगर पुलिस थाना में रात में ही आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी थी। जिससे घंटों गहमा गहमी का माहौल निर्मित रहा। जिला पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला और सीएसपी चिराग जैन मोहननगर पुलिस थाना पहुंचे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वे स्वयं मॉनिटरिंग करते रहे।

# जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आए लोगों ने जनदर्शन में कलेक्टर को बताई अपनी समस्याएं

**प्राप्त सभी आवेदनों प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश**

**जनदर्शन में आज कुल 105 आवेदन हुए प्राप्त**

**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की विभिन्न शिकायत, समस्या एवं मांग से संबंधित प्राप्त विभिन्न आवेदनों को सुना। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में 105 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में आज



विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत तुष्मा निवासी श्रीमती सीमा साहू द्वारा महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम करहीडीह के विक्रम बंजारे द्वारा भूमि पर किये गये अतिक्रमण पर कब्जा हटवाने ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद निवासी श्री अनिरूद्ध श्रीवास द्वारा सड़क की मरम्मत करावाने, ग्राम पंचायत बनारी के श्री अभय पांडेय द्वारा छात्रवृद्धि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 105 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

# यात्री ट्रेनों का रद्द किया जाना रेल यात्रियों के ऊपर अत्याचार है : भागवत

## मेंटेनेस के नाम पिछले चार सालों से यात्री ट्रेनों को कर रहे रद्द : महापौर

**यात्री ट्रेनों को रद्द कर 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को परिचालन लगातार जारी**

**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** रेलवे मेंटेनेस के नाम पर छत्तीसगढ़ प्रदेश से गुजरने वाली 72 से अधिक यात्री ट्रेन को रद्द करने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं इन्हीं रेलवे ट्रेकों पर 50 गुना से अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जा रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में 3 अगस्त को रेल मंत्री के नाम स्थानीय स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द यात्री ट्रेने चलाने की मांग की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा पिछले चार सालों से यात्री ट्रेनों का परिचालन अचानक रद्द करने का सिलसिला चला रहा है। वर्तमान में भी 72 से अधिक ट्रेनों को राजनांदगांव से कलमना रेलखंड के बीच तीसरी लाईन जोड़ने के नाम पर रद्द कर दिया गया है। 4 से 19 अगस्त 2024 के बीच 72 ट्रेनें प्रभावित रहेगी फरमान जारी किया। रेलवे का यह कदम बेहद ही गैर जिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशन पर शनिवार 3 अगस्त को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम स्थानीय स्टेशन मास्टर श्री बर्मन को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द 72 ट्रेनों का परिचालन सुचारू रूप से चलाने की मांग की है।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों को पिछले चार सालों से अचानक रद्द करने का सिलसिला रहा है। ऐसे समय में जब देश का प्रमुख त्यौहार रक्षाबंधन, छत्तीसगढ़ का प्रमुख



त्यौहार हरेली है। इस समय इतनी बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों का रद्द किया जाना रेल यात्रियों के उपर अत्याचार है। रेलवे को यदि मेंटेनेंस करना था तो इसके लिये काम की समय-सारिणी का ऐसा प्रबंध किया जाना चाहिये, जिससे यात्री सुविधायें बाधित न हो। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि केन्द्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही यात्री सुविधाओं विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड सैनिकों, छात्रों, बच्चों को पूर्व में मिलने वाली रियायतें बहाल की जाए तथा रेलवे के निजीकरण के षड्यंत्र पर तत्काल विराम लगे।

महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि पिछले चार वर्षों से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बतायें रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ों यात्री ट्रेनों को अनेकों बार महीनों तक के लिए रद्द किया गया है। महीनों पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की मनमानी से परेशान होते है। त्यौहारों, छुट्टियों, शादी-ब्याह के लिए सीजनों में रेलवे बिना बताए, बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेलवे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है, जबकि उन्हीं ट्रेकों पर यात्री ट्रेनों से 50 गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया।

श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि रेलवे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन में लगातार कोताही बरती जा रही है, उससे स्पष्ट हो रहा है कि रेलवे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है। यह जान-बुझकर किया जाने वाला षड्यंत्र है, ताकि जनमानस में रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथों विशेषकर अडानी समूह को सौंप सके। रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है। आजादी के पहले और बाद में भी सभी सरकारों ने घाटा उठाकर भी जनहित में रेलवे का संचालन अनवरत जारी रखा। रेलवे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है, कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है।

इस दौरान प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, मेहुल मारू, पदम सिंह कोठारी, रमेश खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, मोती साहू, झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सिद्धार्थ डोंगरे, अजय मारकंडे, युवक कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, मनीष गौतम, बबलू कसार, प्रतिमा बंजारे, विशु अजमानी, सुरेन्द्र देवांगन, शैलेष ठावरे, तुलदास साहू, खिलेश बंजारे, प्रभात गुप्ता, जितेन्द्र शर्मा, नारायण सोनी, मामराज अग्रवाल, गिरीश साहू, बंटी यादव, रमाकांत साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सार समाचार

## तिल्दा के प्रतिष्ठित व्यापारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



रायपुर। तिल्दा के प्रतिष्ठित व्यापारी मनीष ट्रेडर्स के राहुल खूबचंदानी पिता प्रकाश खूबचंदानी के विरुद्ध रायपुर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री डी एन भगत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। विदित हो कि राहुल खूबचंदानी की पत्नी द्वारा रायपुर न्यायालय में भरण पोषण की राशि के लिए प्रकरण पेश किया गया था जिसमे न्यायालय के आदेश के बावजूद राहुल खूबचंदानी द्वारा विगत एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही की गई है और लगातार प्रकरण में अनुपस्थित रहते हैं न्यायालय द्वारा राहुल खूबचंदानी द्वारा एक साल से भरण पोषण राशि जमा नही करने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

सकरी में पीडीएस भवन व मानस भवन की मिली स्वीकृति

# पहली त्यौहार हरेली लेकर आता है हरियाली और समृद्धि का संदेश - राजस्व मंत्री

### पीएम आवास के हितग्राहियों को सौंपा चाबी

रायपुर( समय दर्शन)। राजस्व एवं अपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा आज विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम सकरी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय हरेली पर्व, पीएम आवास लाभार्थियों के गृह प्रवेश एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के पहली त्यौहार हरेली के पावन अवसर पर अतिथियों के द्वारा कृषि औजारों की पारम्परिक रीति से पूजा- अर्चना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना की। मंत्री श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवास पूर्ण होने पर 10 हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपी तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत अमृत सरोवर के मेड़ पर पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों




की मांग पर ग्राम सकरी में नवीन पीडीएएस भवन की स्वीकृति एवं मानस भवन के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने हरेली त्यौहार की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली त्यौहार है। हरेली जो किसानों सहित सभी के लिए हरियाली, खुशहाली और समृद्धि का सन्देश लाती है। किसान खेती-किसानी के कार्य से निवृत्त होकर अच्छी फसल की कामना के साथ कृषि औजारों और प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाली और खुशहाली बनी रहे इसी बात को ध्यान रखते हुए मोदी की गारंटी एवं विष्णु के सुशासन के ध्येय वाक्य को हमारी सरकार साकार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में भारत के चहुमुंखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है, जिसे तीसरे स्थान पर लाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी गरीबों के पक्के मकान के सपने पूरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने बहुत कम समय में किये गए वायदों को पूरी की है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीना एक हजार दिया जा रहा है। स्व रोजगार उपलब्ध कराकर मातृशक्ति को सुदृढ और आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूह के माध्यम से रेडी टू -ईट संचालन का काम दिया जाएगा। इसी प्रकार भूमिहीन कृषि मजदूरों को योजना के तहत 10 हजार रूपए सालाना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज सकरी ग्राम के 18 हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृत हुआ है।

## सामाजिक न्याय के लिए आध्यात्म बहुत ज़रूरी ; आचार्य वंदनानंद

रायपुर( समय दर्शन)। राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में कल शाम 'सामाजिक आंदोलन और आध्यात्म ' विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता आचार्य वंदनानंद अवधूत ने कहा कि मानव -मानव एक है , मानव का धर्म एक है , जहाँ - जहाँ भी मानवों को बाँटने की कोशिश हुई है ,वहाँ अशांति और असंतोष हुआ है । उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक समस्याएँ , भविष्य के लिये आध्यात्मिक आधार पर सामाजिक परिवर्तन के लिये भूमिका बना रही हैं। प्रेम ,सेवा और आंतरिक आध्यात्मिक साधना तथा त्याग की भावनाओं को लेकर सामाजिक न्याय, समरसता और जागरूकता के आंदोलन की ज़रूरत है। आचार्य वंदनानंद अवधूत ने कहा कि भगवान शिव ने सामाजिक परिवर्तनों के लिए आध्यात्मिकता को अपना आधार बनाया था। आज के समय में भी सामाजिक न्याय ,समरसता और जागरूकता के आंदोलनों लिए आध्यात्म बहुत ज़रूरी है। यह कार्यक्रम समाजसेवी संस्था डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) और प्रोगेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स (प्योर) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता श्री प्रदीप शर्मा ने कहा कि धार्मिकता अपने जैसा बनाने का और आध्यात्मिकता अपना बनाने का काम करती है। श्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति में संतों के स्वीकार की परंपरा का उल्लेख करते हुए गुरू घासीदास जी के प्रेरणादायक विचारों के बारे में भी बताया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ सत्यजीत साहू ने वैदिक ऋषियों , शिव , कृष्ण गौतम बुद्ध, आदि शंकराचार्य , भक्तिकाल के संत, स्वामी दयानंद और विवेकानंद के उदाहरण से सामाजिक परिवर्तनों में अध्यात्म की भूमिका को चिन्हित किया . कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन से जुड़े डॉ उदयभान सिंह चौहान,छ्त्तीसगढ़ी महिला समाज की अध्यक्ष मालती परगनिहा और प्रयोग आश्रम तिल्दा के अध्यक्ष सीताराम सोनवानी उपस्थित थे। राजधानी के अनेक प्रबुद्ध नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए । सुनील शर्मा ने आयोजक संस्था 'दोस्त' और 'प्योर ' के सेवा कार्यों की जानकारी दी । आभार प्रदर्शन सूरज दुबे ने किया । आचार्य वंदनानंद अवधूत के व्याख्यान के बाद श्रोताओं ने विमर्श में हिस्सा लिया । आयोजन में अनुराग शर्मा, एडवोकेट संतोष ठाकुर, स्वाति देवांगन, पूजा सोनी, लक्ष्मी सोनी ,साक्षी सिंह और विनय सिंह ने सक्रिय सहयोग दिया ।

## जर्जर पानी टंकी को विस्फोट कर ढहाया गया

रायपुर( समय दर्शन)। जोन 9 क्षेत्र के तहत कचना हाईस्कूल परिसर में अत्यंत जर्जर, खतरनाक हो चुके अनुपयोगी पानी टंकी को निगम ने आज सुबह डहा दिया। इसमें लगभग 2 किलो बारूद ( डायनामाइट ) का उपयोग किया गया । निगम का कहना है कि हाईस्कूल के बच्चों, शिक्षक - शिक्षिकाओं, स्टॉफ सहित नागरिकों की जीवन सुरक्षा की दृष्टि से की गयी। स्कूल परिसर में अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक पानी टंकी होने से अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई थी। स्कूल प्रबंधन के अनुरोध पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 की टीम ने आज ड्रिलिंग एंड ब्लास्टिंग इंजिनियर की मदद से ढहा दिया।

# मुख्यमंत्री साय राजस्व मंत्री वर्मा के निवास पर हरेली तिहार कार्यक्रम में हुए शामिल



### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासीयों को हरेली की दी गाड़ा गाड़ा बधाई

रायपुर( समय दर्शन)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा के निवास पर आयोजित हरेली तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व मंत्री श्री वर्मा के साथ कृषि यंत्रों की विधि-विधान से पूजा की और सभी को हरेली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने हरेली तिहार कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गीतों से सजी संगीतमयी प्रस्तुति का भी आनन्द लिया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने भी 'मोर गंवई गंगा रे' सुरमयी गीत गाकर उत्सव में समां बांध दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व मंत्री श्री वर्मा को हरेली तिहार कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी । मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरेली पर्व पर सभी ने ठेठरी, खुरमी सहित पारम्परिक व्यंजनों का आनन्द लेते हुए इस पर्व को मनाया है। मुख्यमंत्री ने सभी छत्तीसगढ़ वासियों को हरेली पर्व की गाड़ा गाड़ा बधाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, विधायक श्री किरण सिंहदेव, श्री अनुज शर्मा, श्री मोतीलाल साहू भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री की पहल पर चिरायु टीम ने लौटाई 66 मासूमों के चेहरे पर मुस्कान

### शासकीय और निजी चिकित्सालयों में हुआ नि:शुल्क उपचार

रायपुर( समय दर्शन)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर जन्म से बीमारी से जूझ रहे जशपुर जिला के 66 बच्चों के चेहरे पर मुस्कान चिरायु टीम ने लौटाई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार राज्य के हर नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर सभी के उत्तम स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिबद्ध है। जिला चिरायु टीम के प्रभारी डॉ अरविन्द कुमार रात्रे ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर चिरायु योजना के तहत पैर की विकृति से जूझ रहे 1, होंठ और



तालू की विकृति से जूझ रहे 14, मोतिया बिंद के 3, हृदय रोग के 18 के साथ अन्य बीमारियो से जूझ रहे 25 पीड़ितों को निशुल्क आपरेशन करा उन्हें बीमारी से मुक्ति दिलाई गई है। उल्लेखनीय है जशपुर जिले के कांसाबेल तहसील के बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में जशपुर सहित पूरे प्रदेश से लोग अपनी समस्या और मांग लेकर पहुंचते हैँ। बगिया प्रवास में रहने के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनदर्शन में शामिल हो कर लोगों कि समस्या सुनते हैं।

## वित्तमंत्री चौधरी ने चलाई गेड़ी

रायपुर( समय दर्शन)। छत्तीसगढ़वासी हरेली तिहार धूमधाम से मना रहे है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गेड़ी चढ़ी। छत्तीसगढ़ में हरेली हर जगह अपनी विशिष्ट सुंदरता और विशिष्ट रूपों तथा तरीकों से मनाई जाती है। प्रदेश का हर अंचल अपनी सांस्कृतिक सुंदरता के साथ अपने को व्यक्त करता है। हरेली त्योहार प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का त्योहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान देश की जनता से किया है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरेली के दिन एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है ताकि अपनी जननी और जन्मभूमि दोनों के प्रति प्रदेश के सभी नागरिक अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर सकें।

## 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता: अमेज़न एलेक्सा सर्वेक्षण

बेंगलुरु : बच्चे स्वभाव से जिज्ञासु होते हैं और माता-पिता हमेशा ऐसे सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं जिससे उनकी जिज्ञासा शांत हो। यह बात अमेज़न एलेक्सा के कांतार के ज़रिये जून 2024 को छह शहरों में 750 से अधिक अभिभावकों के बीच किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में सामने आई। इस सर्वेक्षण से पता चला कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 54 प्रतिशत माता-पिता अक्सर महसूस करते हैं कि उनके पास बच्चों के सवालों का फौरन कोई जवाब नहीं होता। साथ ही इसमें 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि यदि उन्हें पता न हो तो वे तुरंत सटीक जवाब ढूंढने की कोशिश करते हैं। गौरतलब है कि सर्वेक्षण में शामिल 44 प्रतिशत माता-पिता ने मौके पर ही मनगढ़ंत जवाब देने की बात स्वीकार की। सर्वेक्षण में शामिल केवल 3 प्रतिशत माता-पिता ने सवाल को अनदेखा किया या बच्चे को सवाल पूछने से रोकने के लिए विषय बदल दिया। बच्चे अक्सर कार कैसे बनाएं?, ब्रह्मांड कितना बड़ा है?, हवाई जहाज कैसे उड़ता है?, और मछली पानी के नीचे कैसे सांस लेती है?, जैसे सवाल पूछते हैं। सर्वेक्षण में शामिल लगभग 60 प्रतिशत माता-पिता ने कहा कि वे अक्सर हैरान हो जाते हैं जब बच्चे ऐसे सवाल पूछते हैं जो दिखने में आसान लगते हैं, जैसे सर्दी और गर्मी के बीच कौन सा मौसम आता है?,

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीडीए की लापरवाही के कारण मां और उसके बेटे की मौत के खिलाफ नई दिल्ली में एलजी सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन किया.




## छत्तीसगढ़ी पकवान से महक उठा मुख्यमंत्री निवास

रायपुर( समय दर्शन)। हरेली त्यौहार में छत्तीसगढ़ व्यंजनों से महक उठा है मुख्यमंत्री निवास। आगन्तुकों के त्योहार में स्वागत के लिए खास तौर पर ठेठरी, खुरमी, पीडिया, गुलगुला भजिया, चीला जैसे पकवान बनाए जा रहे हैं। हरेली तिहार का आरंभ सावन महीने की अमावस्या से होता है। यह त्योहार मानसून के मौसम के आगमन का प्रतीक है, जो खेती के लिए सबसे अनुकूल समय माना जाता है। हरेली का त्यौहार का संबंध कृषि से जुड़ा है इस दिन खेतों में बोनी पूर्ण होने के बाद अच्छी फसल की आस में कृषि यंत्रों की पूजा की जाती है। हरेली त्यौहार में स्वच्छता का भी महत्व है गांवों में विशेष सफाई और सजावट की जाती है। घरों के आंगनों और खेतों में नीम के पत्तों, आम की पत्तियों और गोबर से अल्पना बनाई जाती है, जो शुभता और समृद्धि का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में हरेली का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया जाता है। गांव में बच्चे त्योहारों को आनंद गेड़ी चढ़कर लेते हैं। बच्चे से लेकर बूढ़े तक गेड़ी दौड़ में शामिल होते हैं। इस दिन खेती-किसानी में सहयोग देने वाले पशुओं विशेष रूप से गाय, बैल की पूजा की भी पूजा की जाती है। घरों में इस दिन छत्तीसगढ़ी पकवान बनाए जाते हैं।

# फ्रेन्डशीप डे के मौके पर यातायात पुलिस ने चलाया तेरा यार हूं मैं जागरूकता अभियान

### तेरा यार हूं मैं यातायात जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर( समय दर्शन)। फ्रेन्डशीप डे के मौके पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाया गया "तेरा यार हूं मै" जागरूकता अभियान। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा इस अभियान के माध्यम से 01 दिन में 10,000 से अधिक लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किया प्रयास। यातायात पुलिस दुर्ग की इस अभिनव पहल को आम नागरिको के द्वारा तारीफ की गई। जिले के सभी भीड भाड वाले क्षेत्र बडे तरिया, सूर्यामॉल, सिविक सेन्टर, मैत्री गार्डन, रेलवे स्टेशन एवं सभी चौक चौराहो पर पाम्पलेट वितरण कर तथा बैनर पोस्टर के माध्यम से अभियान का संचालन किया गया। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जारी किये गये तेरा




यार हूं मै थीम सॉग को आम नागरिको ने बहुत पसंद करते हुए जारी किये गये पाम्पलेट में लिखे यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपनी सहमति प्रदान दी गई। चौक चौराहे, रेलवे स्टेशन, सूर्यामॉल में लगे एलईडी स्क्रीन पर चला तेरा यार हूं मैं थीम सॉग। पुलिस अधीक्षक दुर्ग, श्री जितेन्द्र शुक्ला के मार्ग दर्शन एवं श्री सतीष ठाकुर, श्री संदानंद विघ्यराज, उप पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के नेतृत्व में आज दिनांक 04 अगस्त को फ्रेंडर्सशीप डे के अवसर पर एक जागरूकता अभियान तेरा यार हूँ मै अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत यातायात पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा सुबह से देर रात तक जिले के सभी चौक चौराहे, भीड भाड वाले क्षेत्र सूर्यामॉल, रेलवे स्टेशन, मैत्री गार्डन, बडे तरिया, टोल प्लाजा इत्यादि जगहो पर एक दिवस में 10 हजार लोगो को पाम्पलेट वितरण कर एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से यातायात पुलिस दुर्ग की इस नवाचार कार्यक्रम का हिस्सा बनें। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पूर्व में भी विभिन्न कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान के माध्यम से वाहन चालको एवं आम नागरिको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते आ रही है आज के इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिको के बीच यातायात पुलिस आपकी सेवा एवं आपकी सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है जैस एक दोस्त अपने दोस्त के लिए हर मुसिबत में खड़ा रहता है उसी प्रकार सडक पर यातायात पुलिस एक दोस्त की तरह आपकी सेवा के लिए उपस्थित रहेता है यह संदेश लोगो के बीच पहुचाने का मुख्य उद्देश्य था।

## जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड को गुजरात के खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए ईपीसी अवार्ड प्राप्त हुआ

जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड (ब्रस्श्व: 542851) (हृस्श्व: त्नश्वहृस्ह्रु), सौर ऊर्जा इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में अग्रणी कंपनी को गुजरात के कच्छ के रण में स्थित खावड़ा आरई पावर पार्क में 463 करोड़ रुपये के सौर संयंत्र के लिए इंजीनियरिंग, डिजाइन, खरीद, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग (ईपीसी) का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह 463 करोड़ रुपये की परियोजना अत्याधुनिक फिक्स्ड टिल्ट मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के साथ-साथ शेष बैलेंस ऑफ सिस्टम के साथ तैयार की जाएगी। इस ऑर्डर जीत पर बोलते हुए, जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सोलर ईपीसी, भारत), सुश्री शिल्पा उहेंकर ने कहा, 'हमें एक प्रमुख स्वतंत्र बिजली उत्पादक (ढ्ढक्कक्क) से यह प्रतिष्ठित ऑर्डर जीतकर बहुत खुशी हो रही है। यह जीत जेनसोल की परियोजना प्रबंधन क्षमताओं और निष्पादन विशेषज्ञता में विश्वास को दर्शाती है। ग्राहक की जरूरतों की हमारी समझ, उत्कृष्ट इंजीनियरिंग ट्रैक रिकॉर्ड के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाले अक्षय समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारी लगातार जीत के पीछे महत्वपूर्ण रही है। परिणामस्वरूप, हम वर्तमान में लगभग 1 तड्ड की कुल क्षमता वाली सौर परियोजनाओं को कई प्रमुख ग्राहकों के लिए निष्पादित कर रहे हैं।

# संपादकीय

## बजट पर चर्चा जाति के चक्रव्यूह में फंसा

भारत की संसदीय राजनीति की यह सबसे दुखद परिघटना है कि लोक सभा में बजट पर हो रही चर्चा जाति के चक्रव्यूह में फंस गई। विपक्ष के नेतागण शायद इस तथ्य से अनजान हैं कि भारतीय समाज में जाति संघर्ष बढ़ा तो देश की क्षेत्रीय अखंडता पर इसके नकारात्मक परिणाम पड़ सकते हैं। संविधान निर्माता और चिंतक डॉ. अंबेडकर भारतीय समाज की इस बुराई को समझ गए थे। इसीलिए उन्होंने जातिविहीन समाज के निर्माण की कल्पना की थी। आगे चलकर समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया ने भी जाति तोड़ो को लेकर लंबा अभियान चलाया था। लेकिन विडम्बना है कि बिहार के नेताओं के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को महाभारत में अजरुन को जिस तरह सिर्फ मछली की आंख दिखाई दे रही थी, उसी तरह जातिगत जनगणना दिखाई दे रही है। भारतीय राजनीति और समाज का दुखद पहलू है कि आज हर जाति में वर्चस्ववादी नेता पैदा हो गए हैं। ऐसा नेता जाति स्वाभिमान हो गया है। इस तरह से कट्टर जातिवादी नेताओं का समाज और राजनीति में प्रभाव बढ़ता है तो पहले से ही जाति और धर्म में विभाजित समाज आगे चलकर और कितना विभाजित होगा, इसकी सहज कल्पना की जा सकती है। ठीक है कि जाति गणना सत्ता पाने की सीढ़ी बन सकती है लेकिन इससे सामाजिक विद्वेष बढ़ेगा और अंतत- प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा जाएगी। डॉ. लोहिया का विास है कि 'इतिहास साक्षी है कि जिस काल में जाति के बंधन ढीले थे, उसने लगभग उसी काल में घुटने नहीं टेके।' उनका मानना है कि यह गलत धारणा है कि अंदरूनी झगड़ों और छल-कपट के कारण न तो विदेशी हमले हुए और न भारत गुलाम हुआ। इसका सबसे बड़ा और एकमात्र कारण है जाति। 1960 और 71 के दशक में डॉ. लोहिया के प्रयासों से समाज में जाति के बंधन कुछ ढीले पड़ने लगे थे। बाद में आरएसएस ने भी हिन्दू समाज की जातियों की एकता को मजबूत करने के लिए अभियान चलाया और आज भी संघ का यह प्रयास जारी है लेकिन लगता है कि जातिगत पहचान और स्वाभिमान का उभार तेजी से हो रहा है। राहुल गांधी इस उभार को और अधिक हवा देने लगे हैं। हालांकि राहुल के जातिगत जनगणना के बयान पर भाजपा नेता के इस जवाब का समर्थन नहीं किया जा सकता जिनकी अपनी जाति का पता नहीं है, वे जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। सदन हो या सड़क जाति पूछना अमर्यादित आचरण के दायरे में ही आता है।

## गहलोत की फिक्र अभी बाकी है मेरे दोस्त...!

निरंजन परिहार

राजनीति में वैसे तो चर्चाओं का कोई खास मोल नहीं होता। क्योंकि चालाक लोगों द्वारा चर्चाएं चलाई ही इसलिए जाती हैं कि चर्चित व्यक्ति को चकित करने के चौबारे तलाशे जा सकें। उसकी राह में कांटे बिछाए जा सके और फिर तकदीर के तिराहे से सीधे सियासत की संकरी अंधेरी गलियों में आसानी से धकेल दिया जाए। लेकिन व्यक्तित्व अगर विराट हो, कद औरों के मुकाबले कई गुना ज्यादा ऊंचा हो और सियासत के सभी पहलुओं में प्रतिभा अगर प्रामाणिक हो, तो उसके बारे में सुनी सुनाई पर भी लोग भरोसा करने लग जाते हैं। अशोक गहलोत इसीलिए इन दिनों कुछ ज्यादा ही चर्चा में हैं। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के बारे में कहा जाता है कि वे जब कुछ नहीं कर रहे होते हैं, असल में तभी वे बहुत कुछ कर रहे होते हैं। क्योंकि गहलोत जानते हैं कि शांतिकाल ही क्रांतिकाल से निपटने की तैयारियों का असली वक्त होता है। इन दिनों भी वे सियासत के समंदर में भविष्य उठने वाली लहरों की लपलपाहट को नाप रहे हैं, और जान रहे हैं कि लहरें कितनी भी लपलपाती रहे, उनकी नियति तो आखिर समंदर में समाना ही है।



राजनीति के गलियारों में सवाल हैं कि राजस्थान में बीजेपी और कांग्रेस दोनों की राजनीति में सचिन पायलट की सियासी सक्रियता के कम होने के मायने क्या है? और पायलट समर्थक बहुत छोटे से नेता अभिमन्यू पूनिया और गहलोत की राजनीतिक पौधशाला में पुष्पित पल्लवित हरीश चौधरी आखिर बेनामी हमले किस की शह पर कर रहे हैं। खिलाड़ीलाल बैरवा जैसे जनाधार विहीन लोगों की बकवास को किसकी शह है, यह भी जानना जरूरी है। वह भी ऐसे वक्त में, जब पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का अध्यक्ष बनाए जा सकने की चर्चाएं है। क्योंकि, मल्लिकार्जुन खड़गे तो खैर बहुत बाद में, राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पिक्चर में आए, लेकिन कांग्रेस में गांधी परिवार के बाद निर्विवाद रूप से गहलोत ही सबसे अनुभवी और विपक्षियों में सबके साथ संबंध निभाने वाले विश्वसनीय नेता माने जाते हैं। राजनीतिक विश्लेषक अरविंद चोटिया कहते हैं कि राजस्थान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, और हाल ही में नियुक्त उप नेता रामकेश मीणा व मुख्य सचेतक रफीक खान सभी तो गहलोत समर्थक ही हैं। मतलब, गहलोत राजनीतिक रूप से आलाकमान के सबसे करीब हैं।

गहलोत 'आखरी सांस तक राजस्थान की सेवा' करने की बात कहते रहे हैं। मगर, उनकी टक्कर में आने के लिए यही बात सचिन पायलट भी तो कह चुके हैं कि वे किसी पद पर रहें या न रहें, अंतिम सांस तक राजस्थान की जनता की सेवा करते रहेंगे। राजस्थान में इन दो ताकतवर नेताओं के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी अपनी ताकत के तेवर दिखाते रहे हैं। उनके कार्यकाल में लोकसभा चुनाव में राजस्थान में कांग्रेस की ताकत जबरदस्त बढ़ी है और उस दौर में गहलोत पूरे चुनाव राजस्थान में ही जमे रहे। डोटासरा और गहलोत पार्टी जीत सकने वालों को हर हाल में जिताने की जुगत में जुटे रहे। मगर पायलट भले ही राजस्थान की सेवा का वादा करें, लेकिन मजबूरी है कि वे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी हैं, पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव भी हैं और सात प्रदेशों में हुए उप चुनावों में कांग्रेस की जीत पर बयान देने के साथ ही, कश्मीर में आतंकी हमलों जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार रखकर राजनीति के राष्ट्रीय फलक पर अपनी छवि निखारते दिखते हैं।

वैसे, असल में लोकसभा चुनाव के बाद से, राजस्थान में गहलोत और पायलट दोनों अपेक्षाकृत शांत शांत से हैं। जनता में यह आम धारणा है कि अशोक गहलोत जब सक्रिय होते हैं तो प्रदेश में कांग्रेस और देश में राजस्थान दोनों को चर्चा में रखे रहते हैं। गहलोत के पास मुद्दे हैं, आधार है, विचार हैं, विश्वास हैं और इससे भी इतर, बहुत बड़ा उनका राजनीतिक कद है। फिर भी गहलोत इन दिनों शांत हैं। इसीलिए, कांग्रेस भी किसी लपलपाती लहरों वाले महासागर सी होने के बावजूद एकदम शांत - प्रशांत। वरिष्ठ पत्रकार अवधेश पारीक कहते हैं कि गहलोत की सक्रियता न होने से राजस्थान में कांग्रेस लगभग दिशाहीन सी लग रही है। गहलोत के स्वास्थ्य लाभ के इस दौर में इन दिनों एक पॉलिटिकल वैक्यूम बना है, मगर उनके फिर से सीन में आते ही वे राजनीतिक विश्लेषकों को कुछ खास मसाला देंगे। पारीक कहते हैं कि गहलोत की सक्रियता पूरी कांग्रेस को एक तरह से सक्रिय कर देती है। राजस्थान में बीजेपी लगातार दो आम चुनाव से सभी 25 सीटें जीत रही थी, मगर कांग्रेस ने अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में इस बार के आम चुनाव में अपनी जबरदस्त ताकत दिखाई। गहलोत की अपनी कसी हुई चुनावी रणनीति को कार्यान्वित करने की पहल, उम्मीदवारों की अदलाबदली सहित गठबंधन की कूटनीति, और अपनी सरकार के वक्त की योजनाओं के माहौल के जरिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को साथ लेकर दिखाए गए गहलोत के राजनीतिक कमाल ने बीजेपी को पस्त कर दिया। हालांकि, गहलोत के बेटे वैभव गहलोत जालोर से चुनाव हार गए, लेकिन कांग्रेस ने लोकसभा की 11 सीटें बीजेपी से झटक लीं। गहलोत और टडोटासरा का यह वो कतमाल था, जो सचिन पायलट दो आम चुनाव में भी नहीं दिखा सके। पायलट के 7 साल लंबे प्रदेश कांग्रेस अक्ष्यक्ष के कार्यकाल में दोनों बार आम चुनाव में कांग्रेस को सभी 25 लोकसभा सीटों पर बहुत बुरी हार का मुंह देखना पड़ा। यहां तक कि पायलट खुद भी अजमेर से चुनाव हार गए थे। राजस्थान में कांग्रेस और कांग्रेसियों में कोई बहुत हलचल नहीं है, अकेले डोटासरा ही बीजेपी पर जुबानी हमले कर रहे हैं और गहलोत इन दिनों स्लिप डिस्क की वजह से पूरी तरह से बेड रेस्ट पर हैं। दरअसल, स्लिप डिस्क कमर की वह तकलीफ है, जो किसी को जब जकड़ती है, तो व्यक्ति को उस हद तक परेशान कर देती है कि उसका चलना, फिरना उठना और बैठना तो दूर की बात, करवट बदलना भी बहुत मुश्किल हो जाता है। और लंबे समय तक आराम ही उससे निजात दिला सकता है। गहलोत उसी तकलीफसे निकलने की राह में बेड रेस्ट पर हैं। कुछ बड़े नेता और निजी लोग भले ही जरूरी काम से उनसे मिल लें, मगर आमजन में गहलोत का मूवमेंट और मिलना ‌जुलना लगभग बंद सा है। इसी वजह से राजस्थान में कांग्रेस कुछ ठहरी ठहरी सी है। 29 अप्रैल को गहलोत चुनाव प्रचार के लिए चंडीगढ़ पहुंचे थे और वहीं से स्लिप डिस्क का यह जो मामला चला, तो अब तक चल ही रहा है। उधर, मरते दम तक राजस्थान की सेवा के प्रण का पराक्रम दिखाने वाले सचिन पायलट राजस्थान के अलावा सभी मुद्दों पर बोल रहे है और राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने बयानों के जरिए देश का नेता बनने की जुगत में जुटे लग रहे हैं। मूर्ति के अनावरण और एकाध प्रेस कॉन्फ्रेंस व किसी के शपथ ग्रहण समारोह को छोड़ दें, तो राजस्थान के कांग्रेसी राजनीतिक परिदृश्य से पायलट लगभग गायब ही हैं। विधायक के तौर पर प्रदेश में बीजेपी की सरकार के बजट की आलोचना भले ही की हो, मगर उनकी राजनीतिक गतिविधियां लगभग ठप है। उधर, छत्तीसगढ़ में भी कुल 11 लोकसभा सीटों में से 10 पर कांग्रेस की करारी हार के बाद उनके प्रभारी होने के राजनीतिक कौशल पर भी सवाल उठ रहे हैं। इससे पहले, जब वे राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष थे, तभी 2019 और 2024 के दोनों आम चुनावों में उनके नेतृत्व में कांग्रेस को सभी 25 सीटों पर करारी हार का मुंह देखना पड़ा था। जबकि इस बार गहलोत और डोटासरा की जोड़ी ने बीजेपी से 11 सीटें झटक ली। पायलट शायद इसीलिए सन्न हैं और फिर से सक्रियता दिखाने के मौके की तलाश में हैं। राजनीति के जानकार कहते हैं कि बहुत संभव है कि पायलट अपने जन्मदिन 7 सितंबर का इंतजार कर रहे हैं, जब रक्तदान या वृक्षारोपण जैसे चर्चित कार्यक्रमों के जरिए एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखा सकें। वैसे, जो हालात दिख रहे हैं, उनमें तो यही कहा जा सकता है कि गहलोत की फिक्र अभी बाकी है मेरे दोस्त। इसलिए उनके बेड रेस्ट से आजाद होने की प्रतीक्षा जरूरी है। लेकिन राजनीति में प्रतीक्षा के मायाजाल का भी अपना अलग ब्रह्म सत्य है। कुछ लोग जीवन भर किसी पद की प्रतीक्षा करते रहते हैं, और कुछ लोग आसानी से उस पद को जी कर आगे भी बढ़ जाते हैं। पायलट फिलहाल तो अपना वक्त आने की प्रतीक्षा ही कर रहे हैं। मगर, देखते हैं, पायलट की प्रतीक्षा का प्रतिफल कब सामने आता है, या फिर आता भी है कि नहीं!

## प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया यात्रा

अजय दीक्षित

लगभग 40-45 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गया है । बहुत पहले इन्दिरा गांधी वहां गई थीं । ऑस्ट्रिया, जर्मनी और स्विटजरलैण्ड के बीच एक छोटा सा देश है । असल में रूस की यात्रा के तत्काल बाद मोदी जी का ऑस्ट्रिया यात्रा कई माइने रखता है । रूस और यूक्रेन युद्ध में ऑस्ट्रिया यूक्रेन के साथ है । भारत का रूस से घनिष्ठ सम्बन्ध नेहरू जी के काल से चला आ रहा है । नेहरू, टीटो और नासिर ने गुट-निरपेक्ष आन्दोलन चलाया था । मोदी जी के 10 साल में विश्व में भारत की छवि और भी ज्यादा तीव्र हो गई है । अत- बहुत से देश चाहते हैं कि वे वर्तमान यूक्रेन और रूस के युद्ध को रोकने में हस्तक्षेप करें । यह इसलिए भी कि भारत बुद्ध का देश है । ऑस्ट्रिया में मोदी जी ने कहा भी है कि भारत युद्ध नहीं बुद्ध का देश है । रूस से भारत के अच्छे संबंध होने के कारण रूस भारत को पेट्रोल सस्ते में सप्लाई कर रहा है । रूस से अपने संबंधों की गहराई को देखते हुए मोदी जी सधे शब्दों में रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोलते हैं । संयुक्त राष्ट्र संघ में यूक्रेन को लेकर कोई भी प्रस्ताव रूस के खिलाफ आता है तो भारत वोट नहीं डालता । ऐवस्टेन करता है। अपनी वर्तमान ऑस्ट्रिया यात्रा में मोदी जी वहां के राष्ट्रपति व चांसलर से भी मिल चुके हैं । ऊर्जा, नवाचार और द्विपक्षीय सहयोग पर दोनों देशों का संयुक्त घोषणा पत्र भी आया है । पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने आने वाले दशक के लिए सहयोग का खाका तैयार किया है । यह केवल आर्थिक सहयोग तक ही सीमित नहीं है । ढांचागत विकास हाइड्रोजन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि भी शामिल हैं । संयुक्त वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत और ऑस्ट्रिया, आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत है कि इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। आतंकवाद किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं हो सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं में बदलाव के लिए सहमत हैं, ताकि उन्हें मजबूत बनाया जाये। मैंने और चांसलर नेहमर ने विश्व में चल रहे विवादों, चाहे यूक्रेन में संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की स्थिति हो, सभी पर हमने विस्तार से बात की। मैंने पहले भी कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। समस्याओं का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता । कहीं भी हो, मासूम बच्चों की मौत स्वीकार्य नहीं है। हम शांति और स्थिरता को जल्द से जल्द बहाली के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर देते हैं। इसके लिए हम दोनों मिलकर हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं । पीएम मोदी ने आगे कहा, %मुझे खुशी है कि मेरे तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही मुझे ऑस्ट्रिया आने का मौका मिला। मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक और विशेष है। 41 वर्ष के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का ऑस्ट्रिया का दौरा है। यह भी सुखद संयोग है कि यह यात्रा उस समय हो रही है, जब हमारे आपसी सन्बन्धों के 75 वर्ष पूरे हुये हैं। लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मूल्यों में आपसी विश्वास हमारे सम्बन्धों की नींव हैं । आपसी विश्वास से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने फैसला लिया कि सम्बन्धों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जायेगी । भारत के सहयोग से चल यदि यूक्रेन-रूस युद्ध रुक जाता है और दोनों देश वार्ता के लिए तैयार हो जाते हैं, तो यह भारत की बड़ी जीत होगी और वह विश्व गुरु के कहलाने की पूर्ण योग्यता रखेगा । अभी विश्व तीसरी विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा है क्योंकि इजराइल और हमास का युद्ध भी विश्व शांति के लिए खतरा बन चुका है?

## नव तस्करी के खिलाफ लड़ाई

राजेश मणि

नव तस्करी के खिलाफ हमारी लड़ाई में, हमें लगातार नवाचार के माध्यम से जुड़ने और एकजुट होने का प्रयास करना चाहिए, जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी के हमारे उपयोग का अनुकूलन भी शामिल है।

तस्कर दूसरों का शोषण करने के लिए इंटरनेट की लगातार बदलती प्रकृति का लाभ उठाते हैं; यह जरूरी है कि हम भी इस प्रवृत्ति का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाएं। डिजिटल तकनीक ने हमें तस्करी को रोकने, पीड़ितों की रक्षा करने, बुरे लोगों पर मुकदमा चलाने और इस अपराध से निपटने के लिए वैश्विक साझेदारी बनाने के नए तरीके दिए हैं।

डिजिटल तकनीक और मानव तस्करी के बीच एक तरह का संबंध तब हो सकता है जब तस्कर पीड़ितों का शोषण करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।

हालांकि यह कोई नई घटना नहीं है, लेकिन इस मुद्दे पर नए सिरे से ध्यान दिया गया क्योंकि कई लोगों ने कोविड-19 महामारी के चरम पर अपनी दैनिक गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया। कई देशों की रिपोटरें ने ऑनलाइन वाणिज्यिक यौन शोषण और यौन तस्करी में भारी वृद्धि को प्रदर्शित किया, जिसमें बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषण, और बाल यौन शोषण सामग्री की मांग और वितरण शामिल है। तस्करों ने पीड़ितों को तैयार करने, धोखा देने, नियंत्रित करने और उनका शोषण करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके व्यक्तियों का शोषण करने की योजनाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा है।

इनमें से कुछ योजनाएं लोगों को सैकड़ों मील दूर, सीमाओं के पार भी लुभाती हैं, जबकि अन्य के लिए उन्हें अपने घरों से बाहर निकलने की आवश्यकता नहीं होती है। मानव तस्करी के पीड़ितों और बचे लोगों ने तेजी से साझा किया है कि वे पहली बार अपने तस्करों से ऑनलाइन जुड़े थे, जबकि तस्कर डिजिटल तकनीकों के अपने उपयोग को परिष्कृत और उन्नत करना जारी रखते हैं, सरकारों और अन्य तस्करी विरोधी हितधारकों को मानव तस्करी से निपटने के लिए ऐसा ही करना चाहिए।

तस्कर संभावित पीड़ितों की पहचान और उन्हें तैयार करने के लिए इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यूएनओडीसी के अनुसार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तस्करों को सक्रिय रूप से और गुमनाम रूप से एक विशिष्ट प्रकार के व्यक्ति की खोज करने में मदद करते हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि वे उनकी योजना को आगे बढ़ाने के लिए विशेष रूप से अतिसंवेदनशील हैं (शिकार प्रक्रिया), या ऑनलाइन पोस्ट करके और प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करके संभावित पीड़ितों को निष्क्रिय रूप से आकर्षित करते हैं (मछली पकड़ने की प्रक्रिया)। अपराधी संभावित पीड़ितों के साथ बातचीत करते समय नकली खातों और प्रोफाइल के माध्यम से अपनी असली पहचान छिपाने के लिए सोशल मीडिया, ऑनलाइन विज्ञापन, वेबसाइट, डेटिंग ऐप और गेमिंग प्लेटफॉर्म-या ऐसे उपकरणों की धोखाधड़ी या भ्रामक नकल-का उपयोग कर सकते हैं।

एक बार जब संभावित पीड़ितों की पहचान हो जाती है और संपर्क स्थापित हो जाता है, तो इंटरनेट के माध्यम से संचार शिक्षा, रोजगार, आवास या रोमांटिक संबंधों के झूठे वादों के साथ व्यक्तियों को धोखा देने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है, केवल उन्हें श्रम और यौन तस्करी की स्थितियों में लुभाने के लिए। उदाहरण के लिए, एक तस्कर एक ऑनलाइन व्यावसायिक वेबसाइट बना सकता है, जिस पर वे अक्सर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए यथार्थवादी तस्वीरें शामिल करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि अवसर प्रामाणिक है और उनके करियर को आगे बढ़ाने या उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

## बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप

विनीत नारायण

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा काफी सराहनीय रही है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नोक-झोंक का चलना सामान्य व स्वाभाविक बात है।

लेकिन इस नोक-झोंक की सार्थकता तभी है जब वक्ताओं द्वारा मर्यादा में रह कर बात रखी जाए। जब तक संसदीय कार्यवाही का टीवी पर प्रसारण नहीं होता था, तब तक देश की जनता को पता ही नहीं चलता था कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि संसद में कैसा व्यवहार कर रहे हैं? यह भी नहीं पता चलता था कि वे संसद में किन मुद्दों को उठा रहे हैं? अक्सर ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब सांसदों ने आर्थिक लाभ की एवज में बड़े औद्योगिक घरानों के हित में सवाल पूछे। वरिष्ठ पत्रकार ए सूर्यप्रकाश ने तीस वर्ष पहले ऐसे लेखों की श्रृंखला छापी थी जिसमें सांसदों के आचरण का खुलासा हुआ और देश ने पहली बार जाना, 'संसद में सवाल बिकते हैं'। पर जब से टीवी पर संसदीय कार्यवाही का प्रसारण होने लगा तब से देशवासियों को भी देखने को मिला कि सांसद सदन में कैसा व्यवहार करते हैं। बिना अतिश्योक्ति के कहा जा सकता है कि कुछ सांसद जिस भाषा का प्रयोग करने लगे हैं, उसने शालीनता की सीमाएं लांघ दी हैं। शोर-शराबा तो आम बात है। संसद में हुड़दंग भारत में ही देखने को नहीं मिलता। अनेक देशों से वीडियो आते रहते हैं, जिनमें सांसद हाथापाई करने और एक दूसरे पर कुर्सियां और माइक फेंकने तक में संकोच नहीं करते। सोचने वाली बात यह भी है कि भारतीय संसद की कार्यवाही पर देश की गरीब जनता का अरबों रुपया खर्च होता है। आकलन है कि संसद चलने का प्रति मिनट खर्च ढाई लाख रुपये से थोड़ा



अधिक आता है। इसका सदुपयोग तब हो जब गंभीर चर्चा करके जनता की समस्याओं के हल निकाले जाएं। हमारी लोक सभा का इतिहास रहा है कि लोक सभा के अध्यक्षों ने यथासंभव निष्पक्षता से सदन की कार्यवाही का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि 15वीं लोक सभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने ही दल के विरुद्ध निर्णय दिए थे जिसका खमियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा। उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया पर उन्होंने अपने पद की मर्यादा से समझौता नहीं किया। लेकिन पिछले दस वर्षो से लोक सभा के वर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला लगातार विवादों में रहे हैं। उन पर सत्ता पक्ष के प्रति अनुचित झुकाव रखने का आरोप विपक्ष लगातार लगाता रहा है। 17वीं लोक सभा में तो हद ही हो गई जब सत्ता पक्ष के एक सांसद ने विपक्ष के सांसद को सदन की कार्यवाही के बीच अपमानजनक गालियां दीं। अध्यक्ष ने उनसे वैसा कड़ा व्यवहार नहीं किया जैसा वो लगातार विपक्ष के सांसदों के साथ करते आ रहे थे। तब तो और भी हद हो गई जब उन्होंने विपक्ष के 141 सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया। ऐसा आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। हाल में टीवी चर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बातचीत में नामी वकील, सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने बताया, 'देश के संविधान के अनुच्छेद 105, संसद के सदस्यों को संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी परंतु क्या सांसदों को ऐसा करने दिया जाता है?

जबकि इसी अनुच्छेद में या पूरे संविधान में यह कहीं नहीं लिखा है कि किसी भी सांसद का, संसद सदन में, अपनी बारी पर बोलते समय, माइक बंद किया जा सकता है। यह भी कहीं नहीं लिखा है कि किसी सांसद को बोलते समय, यदि वह नियम व मर्यादा के अनुसार बोल रहा हो तो उसे टोका जा सकता। इतना ही नहीं, यह बात भी नहीं लिखी है कि यदि विपक्ष किसी मुद्दे पर सत्ता पक्ष का विरोध करे तो उसे टीवी पर नहीं दिखा सकते। परंतु आजकल ऐसा होता है और यदि लोक सभा अध्यक्ष इस बात को नकार देते हैं कि वे किसी का माइक बंद नहीं करते तो फिर कोई तो है जो माइक को बंद करता है। ऐसा है तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा कौन कर रहा है और किसके निर्देश पर कर रहा है?'

18वीं लोक सभा की शुरुआत ही ऐसी हुई है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और अभिषेक बनर्जी तक अनेक दलों के सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप ही नहीं लगाया, बल्कि अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। ये न सिर्फ लोक सभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के प्रतिकूल है, बल्कि ओम बिरला के निजी सम्मान को भी कम करता है। आवश्यकता इस बात की है कि ओम बिरला मुंशी प्रेमचंद की कालजयी रचना 'पंच परमेश्वर' को गंभीरता से पढ़ें जो शायद उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा के दौरान पढ़ी होगी। कहानी शिक्षा मिलती है कि न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को सगे-संबंधियों का भी लिहाज नहीं करना चाहिए। लोक सभा की सार्थकता और पद की गरिमा के अनुरूप ओम बिरला को किसी सांसद को यह कहने का मौका नहीं देना चाहिए कि उनका व्यवहार पक्षपातपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्षो-उल्लास से मनाया गया हरेली का त्यौवहार

शंकर लहरे



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की पारंपरिक त्यौवहार हरेली आज महासमुंद जिले में हर्षो-उल्लास से मनाया जा रहा है। सरायपाली विधान सभा अंतर्गत आने वाले ग्राम कापुडीह में हर्षो-उल्लास से मनाया गया हरेली त्यौवहार।

हरेली त्यौवहार हरियाली का प्रतीक माना जाता है,किसान अपनी फसल की सुरक्षा की कामना करते हुए हरेली त्यौवहार मनाते हैं। जब किसान आषाढ़ के महीने में अपने खेत में फसल उगाते है तो श्रावण महीने के आते तक धान की फसल हरा-भरा हो जाता है तब किसान अपनी फसल की सुरक्षा हेतु हरेली त्यौवहार मनाते हैं। हरेली त्यौवहार छत्तीसगढ़ का प्रमुख त्योवहार है जो मुख्यत: खेती-किसानी से जुड़ा होता है और हरेली का मतलब होता है हरियालीजो हर वर्ष सावन माह की कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन मनाया जाता है इसे हरियाली अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के किसान हरेली त्यौवहार में खेती के लिए इस्तेमाल होने वाले अपने औजारों और गायों की पूजा करते हैं । यह हरेली त्यौवहार प्रकृति पर आधारित है और हरेली त्यौवहार में छत्तीसगढ़ के लोगों द्वारा की जाने वाली मूल प्रार्थना अच्छी फसल की कामना करते है और हरेली पर्व आते तक खरीफफसल आदि की खेती-किसानी का कार्य लगभग पूर्ण हो जाता है। इस त्यौहार में माताएं गुड़ का चीला बनाती हैं,कृषि औजारों को धोकर,धूप-दीप से पूजा के बाद नारियल व गुड़ के चीला का भोग लगाया जाता है। हर घर के प्रमुख व्यक्ति द्वारा अपने-अपने घरों में अपने ईष्ट देव की पूजा-अर्चना कर उनको नारियल अर्पण किया जाता है और साथ ही साथ गांव के ठाकुर देव की पूजा की जाती है और गांव की खुशहाली की मांग कर उनको नारियल अर्पण किया जाता है।

### हरेली त्यौहार के उपलक्ष पर वृक्षा रोपण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजन हुआ



**शंकर लहरे/ सरायपाली ( समय दर्शन )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हरेली त्यौहार के अवसर पर वृक्षा रोपण कार्यक्रम दिनांक 04/08/2024 को ग्राम पंचायत सिरपुर में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चौधरी,जनपद पंचायत सीईओ नारायण बंजारा,सरपंच दीपा पटेल,भाजपा कार्यकर्ता धनेश्वर भास्कर,सुभाष प्रधान,सूरज नायक, एवं अधिकारी कर्मचारी तथा ग्रामवासी की उपस्थिति में,आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षा रोपण किया गया एवं एक पेड़ मां के नाम वृक्ष लगाने के लिए पौधों का वितरण किया गया

जनपद पंचायत सरायपाली अध्यक्ष श्रीमती कुमारी भास्कर ने छत्तीसगढ़िया मन के पहिलि तिहार हरेली के सुभ अवसर पर चढ़व गेड़ी, खेलव फुगड़ी,भौंरा अऊ बांटी,हमर संस्कृति,हमर गरब,पूजनीय हमर माटी,नांगर,बईला,गैती,रापा अऊ कुदारी,हरेली तिहार में रंगेहे छत्तीसगढ़ महतारी।

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक हरेली तिहार को श्रीमति कुमारी भास्कर ने छत्तीसगढ़िया भेष भूसा से मनाई ओर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में शामिल हुए युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू



**बलौदाबाजार ( समय दर्शन )।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन गत दिवस रफ़ी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब स्पीकर हॉल नई दिल्ली में रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू,अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अध्यक्षता अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय दत्त क्षीर सागर राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता , राष्ट्रीय अपर महामंत्री अरुण भष्मे एवं छत्तीसगढ़ साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपस्थित रहे कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न राज्यों से अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के पदाधिकारी गण पहुँचे हुए थे इसी कार्यक्रम में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं कसडोल विधायक संदीप साहू भी शामिल हुए कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए नवनिर्वाचित विधायक सांसदों का सम्मान किया गया इसके साथ ही सामाजिक कार्य हेतु विभिन्न विषयों पर चर्चाएं की गई एवं युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक संदीप साहू को शाल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साहू समाज राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू ने कहा कि जो सपना हमारे पुरखों ने देखा था आज पूरा होता नजर आ रहा है आज हमारे स्वाभिमान और आत्म गौरव की झलक सभी के चेहरों में दिखाई दे रही है आज समाज का जो वर्तमान स्वरूप दिख रहा है इसके निर्माण में हमारे बड़े पुरखों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इसलिए हमारे पुरखों को सदैव स्मरण करना चाहिए मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे यहां आने का अवसर मिला आप सभी सम्माननीय समाज के वरिष्ठ जनों को प्रणाम करता हूं आप सभी बड़ों के आशीर्वाद से ही मैं यहां तक पहुंचा हूं इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू,कमलेश साहू,कामत साहू,सतीश साहू,दिलीप साहू, सनीर साहू,प्रफुल्ल साहू,ओम प्रकाश साहू,शशांक साहू,रवि साहू,अनुराग साहू,त्रिशंकु साहू,हितेश साहू,नामित साहू ,धन्नू साहू,दिलीप साहू,ऐश्वर्य साहू,सूरज साहू,गेंद राम साहू,हिमांशु साहू,मनीष साहू,ओमकार साहू,गावेश साहू,यशवंत साहू,सनी साहू,सनिर साहू,प्रदेश प्रचार सचिव राकी साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज से देश भर के समाज से मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण सहित साहू समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य समाज के वरिष्ठजन पदाधिकरी उपस्थित रहे

# बच्चों के पढ़ाई में सड़क और पानी बना रोड़ा





शंकर लहरे

**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुन्द जिला मुख्यालय के महासमुन्द ब्लाक के पचरी की घटना हैं,जहा लगातार हो रही वर्षा से ह॥ 53 झलप से बागबाहरा जाने वाली मुख्य मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी हैं कि पचरी गांव पहुंचते ही जगह जगह सड़क मे गड्ढे और पानी भरा हैं और पानी निकासी का जगह नही हैं, जिससे जल भराव होने और भारी वाहन चलने के कारण सड़क में गड्ढा और उखड़ने चालु हो गया हैं।

परंतु सड़क का पानी निकासी के लिए पक्की नाली नही होने से समस्या हर बारिश में शुरू होता है,यह सड़क ग्रामीण क्षेत्रों का हृदय हैं क्योंकि यह एक ही सड़क हैं जो मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ता हैं और अभी सावन माह होने से प्रतिदिन सैकड़ों कावरियो का दल खस्ताहाल सड़क से गुजरना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि पानी गिरने से पचरी से झलप जाने वाली सड़क पूरी तरह से तालाब में तब्दील होने से आवाजाही में दिक्कत आती हैं।

**सड़क में चलना हुआ कठीन-** भुनेश्वरी डडसेना( दुकान )के सामने से लेकर मिडिल स्कूल तक की सड़क पुरी तरह से गड्ढे में तब्दील हो चुकी हैं। गड्डो में पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नही देते हैं इससे कई बार मोटरसाइकल,भारी वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

किसी प्रकार से दुर्घटना न हो करके सड़क के आस-पास रहने वाले ग्रामीणों के द्वारा बोरी और सड़क के बीचों बीच झंडा लगा कर चिन्हांकित किया गया हैं।

**बच्चों का पढ़ाई सड़क के भरोसा-** मुख्य मार्ग होने के कारण बारिश की दिनों में गांव के सड़क की स्थिति ठीक नही हैं।

भाटापारा पचरी से शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचरी जाने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है। भाटापारा सड़क से विद्यालय की दुरी 1.5 किलो मीटर है,परंतु बच्चों को स्कूल जाने के लिए पैदल चलना पड़ता हैं।

बारिश होने पर गड्डों में पानी भर जाने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता हैं। इसलिए ग्रामीणों का मांग है कि सड़क का मरम्मत तत्काल किया जावे। मांग करने वाले ग्रामीण डुनेश्वर प्रसाद टंडन, हेमंत डडसेना, मोती डडसेना, ऊगेश्वर डडसेना, रमेश डडसेना, सुरेश डडसेना, धरम डडसेना ,ईश्वर डडसेना,लक्ष्मीकांत निषाद, भोजराम, अमृत लीलाधर, देवेश, राजकुमार, जय प्रकाश, सोहन, अमृतलाल, आदि हैं।

## पीसी ज्वैलर्स लिमिटेड को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा वन टाइम सेटेलमेंट की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली:** भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती ज्वेलरी रिटेल चेन पीसी ज्वेलर्स लिमिटेड (बीएसई: 534809, एनएसई: पीसीजेवेलर) ने घोषणा की है कि इंडियन ओवरसीज बैंक ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत एकमुश्त निपटान (ओटीएस) प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बकाया राशि का निपटान करने के लिए ओटीएस का विकल्प चुना था। स्वीकृत ओटीएस की शर्तों में नकद और इक्विटी पटक, प्रतिभूतियों और गिरवी रखी गई संपत्तियों की रिहाई आदि शामिल हैं। हाल ही में, बैंक ऑफ बड़ौदा और कैनरा बैंक ने भी कंपनी द्वारा स्वीकृत एकमुश्त निपटान को मंजूरी दी थी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने आईसीडीआर निधर्मी और अन्य लागू कानूनों के अनुसार, सदस्यों की मंजूरी और अन्य आवश्यक नियामक, वैधानिक और अन्य अनुमोदनों के अधीन, 56.20 रुपये प्रति वारंट की कीमत पर पूर्ण रूप से परिवर्तनीय वारंट के तरजीही जारी करने के माध्यम से 2705 करोड़ रुपये तक धन जुटाने को मंजूरी दी है।

# नई शिक्षा नीति से देश की तरक्की में बढ़ेगा युवाओं का योगदान : टंकराम वर्मा

### शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के दीक्षारंभ समारोह में शामिल हुए राजस्व मंत्री



**बलौदाबाजार (समय दर्शन)।** देश की तरक्की की राह में युवाओं का योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की गई। नई शिक्षा नीति का छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन हो रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के दीक्षारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में नौकरी की जगह स्वरोजगार पर जोर दिया गया है, ताकि व्यक्ति आत्मनिर्भर होकर खुद को नौकरी के बजाय अन्य लोगों को नौकरी प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाई के साथ-साथ देश की संस्कृति, सभ्यता को महत्व दिया गया है, जिससे छात्रों में गौरवशाली संस्कृति से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नवीनतम तकनीकी ज्ञान का भी समावेश किया गया है। आज राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने नवप्रवेशी कॉलेज छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने होनहार एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। स्काउट गाइड प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष चितावर जायसवाल,पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# डॉ भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद बलौदा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि आप सबकी एक नई शुरुआत होने जा रही है जो कि बेहद ही रोमांचक और नया रहेगा। महाविद्यालय की शिक्षा आपकी भविष्य की दिशा और दशा तय करेगी। उन्होंने नव प्रवेशी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को जनपद पंचायत के अध्यक्ष कुमारी भास्कर, डॉ भीमराव आंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के प्राचार्य ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, विधायक प्रतिनिधि द्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप गुप्ता, तन्मय पंडा, क्षेमानिधि साहू, विभिषण चौहान, रोशन नाग समेत महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# साल्हेओना में छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण




**बरमकेला ( समय दर्शन )** छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती सायकल योजना ने कई छात्राओं की जिंदगी में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस योजना के तहत शासन द्वारा छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की जा रही हैं ताकि वे स्कूल तक आसानी से पहुंच सकें।

इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक 卐सरस्वती सायकल योजना卐 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हेओना में नवनियुक्त अध्यक्ष राधामोहन पाणिग्राही के मुख्य आतिथ्य में,सांसद प्रतिनिधि एवं सरिया मण्डल भाजपा के महामंत्री चूड़ामणि पटेल,उग्रसेन साहू,अग्नू राम पटेल के विशिष्ट आतिथ्य में कक्षा नवमी में अध्यनरत कुल 45 छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया।

आज यहां योजना के तहत सायकल पाकर छात्राओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किए। साइकिल पाकर छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्राओं ने कहा अब साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में अधिक समय और ऊर्जा की बचत होगी, जिससे वह अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। इस योजना का लाभ उठाने वाली एक छात्रा ने कहा मुझे स्कूल आने के लिए 2 किलोमीटर पैदल चलकर आना पड़ता था। लेकिन अब मुझे साइकिल मिल गई है, जिससे मैं आसानी से स्कूल जा सकती हूँ और मैं अब स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो पाऊंगी और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास करूंगी। इसी तरह एक अन्य छात्रा ने कहा घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण स्कूल में नियमित उपस्थिति नहीं दे पाती थी, जिसकी वजह से कोर्स में भी पीछे रह जाती थी, लेकिन अब सायकल मिलने से स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो पाऊंगी और माता-पिता भी खुश होंगे कि मैं अब नियमित स्कूल जा रही हूँ।

इस योजना ने छात्राओं के जीवन में एक नई रोशनी भर दी है,जो उन्हें शिक्षा के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,बीपीएल कार्ड धारी पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित किया जाता है। सायकल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राधामोहन पाणिग्राही ने कहा कि इस योजना की शुरुआत डॉ. रमन सिंह जी द्वारा अपने मुख्यमंत्रीत्व कार्यकाल के दौरान हुआ था और जो आज पर्यन्त तक अनवरत जारी है। उन्होंने बताया कि सरस्वती सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है।

सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं। यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। साल्हेओना में आयोजित इस साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य धर्मपाल पटेल, अंग्रेजी व्याख्याता अवधराम बेहरा, संस्कृत व्याख्याता आशीष पाणिग्राही एवं समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

# आंगन बाड़ी केंद्र एक के बच्चों मिला नया भवन

### बच्चो की यूनिफार्म, मिठाई, स्टेशनरी का वितरण भी किया





**सेलूद ( समय दर्शन )।** ग्राम चुनकट्टा में आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक एक के बच्चो को नया सर्व सुविधा युक्त आंगन बाड़ी भवन मिल गया है। इसके अलावा आज बच्चो को समाज सेवी अग्रवाल परिवार स्टेशनरी, मिठाई तथा गणवेश का भी वितरण किया गया। बच्चों के द्वारा ही फीता काटकर लोकार्पण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत चुनकट्टा के आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक एक के लिए समाज सेवी विकास अग्रवाल , मोंटू अग्रवाल द्वारा नया आंगन बाड़ी केंद्र एक के लिए भवन निर्माण कराया गया है। जिसका आज लोकार्पण सादे समारोह में किया गया। इस अवसर पर सरपंच भूषण सोनवानी ने अग्रवाल परिवार द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। आंगन बाड़ी के कार्यकर्ता, सहायिका ने भी नया भवन मिलने पर काफी खुश नजर आए। बच्चो को मिठाई, नाश्ता, के साथ साथ स्टेशनरी गणवेश का भी वितरण किया गया। आज बच्चों के द्वारा ही फीता काटकर आंगन बाड़ी के नए भवन का लोकार्पण किया गया। इस असवर पर विकास अग्रवाल , मोंटू अग्रवाल , सरपंच भूषण सोनवानी, सचिव युगल ठाकुर,छत्रपाल राजपूत,, दालेश्वर सोनवानी, विकेश्वर ठाकुर, रज्जू महिलवार, नरसिंह साहू, पोषण साहू, भोजराम यादव, कुमार जोशी, जनक राम जोशी, राकेश देशलहरे, तोरण यादव, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता कमला बंजारे, उषा जांगड़े, दीपा कुर्रे, सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक के कमी के कारण बीईओ पाटन ले रहे हैं लगातार क्लास



**पाटन ( समय दर्शन )।** प्रशासनिक कार्यों के जटिलताओं के बीच आफिस कार्य निष्पादित कर सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाटन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलागें ने विगत दिवस से कक्षा 10 वी एवं 12वी के विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय का लगातार कक्षाएं ले रहे हैं। बोर्ड परीक्षा के गंभीरता को देखते हुए शिक्षक के कमी के चलते कोई भी विषय का अध्यापन बाधित न हो के उद्देश्य से विषयगत शिक्षकों , समुदाय से अध्यापन हेतु विशेष आग्रह भी किए हैं। साथ ही इस सम्बंध में स्टाफके साथ लगातार शैक्षिक समीक्षा कर निर्देशित कर रहे हैं,कि नियमित रूप से अध्यापन हो एवं अध्यापन में प्रयोग विधि को विशेष स्थान देवें,ताकि विद्यार्थियों की समझ पूर्ण रूप से स्थापित हो । साथ ही इस सम्बंध में शिक्षकों से वन टू वन चर्चा करते हुए निर्धारित समय पर कोर्स पूरा करना एवं बोर्ड परीक्षा में आने वाली प्रश्नो की प्रकार और उसका सलेक्शन कर महत्वपूर्ण प्रश्नो पर अभ्यास कैसे करें पर विस्तार से चर्चा करते हुए, राइटिंग स्किल में सुधार पर अभ्यास कैसे कराएं, लिखने की शैली कैसे हो, क्रोनोलाजिकल आर्डर, लेवलिंग डाइग्राम पर कार्य कैसे हो जिससे मूल्यांकन कर्ता एक ही नज़र में उत्तर को समझ लें पर चर्चा करते हुए आवश्यक जानकारियों से शिक्षको को अवगत कराया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच है जिसका परिणाम, शिक्षा में बदलाव को लेकर पाटन में सकारात्मक रूप से दिखाई दे रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बुझ गया तर्रा के इस परिवार का इकलौता चिराग, अकेली महिला पर टूटा दुख का पहाड़, इलाज के दौरान अस्पताल में मौत



**बलराम यादव/ पाटन।** सड़क दुर्घटना में आज ग्राम तर्रा में 45 वर्षीय महिला जानकी ठाकुर के घर दुख का पहाड़ टूट गया। सड़क दुर्घटना में घर का इकलौता चिराग बुझ गया। बता दे की जानकी ठाकुर के पति का करीब 15 साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गया है। इस सड़क दुर्घटना ने जानकी बाई का सबकुछ छीन लिया। वह अब अकेली हो गई। बताया जा रहा है घायल युवक सुरेंद्र ठाकुर करीब 25 साल का इलाज के दौरान एम्स अस्पताल में निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह करीब 8 बजे ग्राम तर्रा निवासी सुरेंद्र ठाकुर 25 वर्ष अपनी मां जानकी ठाकुर 45 वर्ष को साथ लेकर बाइक में जाम गांव एम से तर्रा की तरफ वापस आ रहा था। जो को अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। इस घटना से सुरेंद्र को काफी चोट आई। जिसे एम्स अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है इलाज के दौरान सुरेंद्र का मौत हो गया। वही उसकी मां को भी चोट आई है। ग्रामीणों के बताए अनुसार सुरेंद्र के पिता का भी मौत जाम गांव एम में सड़क दुर्घटना में ही आज से करीब 15 साल पहले हो गया है। सुरेंद्र अपने मां के साथ ही रहता था। कपड़ा दुकान था उनका वही सुरेंद्र की मांग मजदूरी करती थी। अब सुरेंद्र के निधन के बाद उसकी मां बिलकुल अकेली हो गई है। घटना अम्लेश्वर थाना क्षेत्र में हुआ है। वही मृतक पाटन क्षेत्र में रहता था।

### ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाए - संजीव शर्मा



**सारंगढ़ (समय दर्शन)** भाजपा युवा मोर्चा सालर-मल्दा के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण जल जीवन मिशन योजना का जिस प्रकार माखौल उड़ाया जा रहा है ।अब बर्दास्त से बाहर है।दानसरा में ठेकेदार द्वारा समय अवधि पूर्ण होने के बावजुद आज पर्यंत तक आधा-अधुरा छोड़कर नदारत है।दानसरा में लगभग 2 करोड़ की लागत से बनने वाली इस योजना का का काम अभी भी अधूरा है। पाइप लाइन के लिए सड़कों को खोदा गया है और अभी तक इसकी मरम्मत नहीं हुई।अब बारिश में आमजन खासे परेशान हैं।गलियों में बड़े बड़े गड्ढे तो रह ही गए और अब बारिश में जलभराव भी हो रहा है।जहां चलना दूभर हो गया है।ग्रामीण जनता ने इस विषय पर प्रभारी मंत्री और कलेक्टर से शिकायत भी की है पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई।भाजयुमो सालर मल्दा मंडल के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि ठेकेदार के उपर जल्द ही कार्यवाही कर ब्लैक लिस्टेड किया जाए।

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में धूमधाम से हरेली तिहार का किया गया आयोजन



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** 3 अगस्त, 2024, दिन-शनिवार को राजनांदगांव की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम तिहार हरेली का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबडा द्वारा मां सरस्वती के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा हरेली तिहार के उपलक्ष्य में ना-ना प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजकों का स्टॉल लगाया गया तथा छत्तीसगढ़ी परंपरता की स्वादमयी अभिव्यंजना प्रस्तुत की। हरेली तिहार के मौके पर महाविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण कर विश्व को प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया गया तथा अंत में मटका फोड़ खेल के माध्यम से कार्यक्रम का मनोरंजन पूर्ण समापन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी उपस्थिति से संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पड़ोसी धर्म निभाया केंद्रीय विश्वविद्यालय ने




**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** एक पेड़ मां के नाम मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या विष्णु देव साय जी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 5 अगस्त को पधारी और विकसित भारत अभियान 1947 - 2047 के तहत वृक्षारोपण किया। ऐसा लगता है की मुख्य अतिथि केवल एक कार्यक्रम के लिए अटल विश्वविद्यालय तक नहीं आ सकते। अत: केंद्रीय विश्वविद्यालय में पड़ोसी धर्म निभाते हुए यहां भी कार्यक्रम रख लिया। जो काम पहले बगैर किसी हो हल्ला के होता था। और विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण करा लिया जाता था। अब उसके लिए एक बड़ा होर्डिंग कम से कम पांच अतिथि और विकसित भारत का संकल्प जरूरी हो गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष तो सुने थे पर अब विश्वविद्यालय के कुलपति को कार्यक्रमों का मुख्य संरक्षक भी बनना पड़ता है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय में साधारण पद नाम नहीं होता व्यक्ति को देखकर उसे ऊंचा दर्जा दिया जाता है। इस कार्यक्रम में दीदी मां प्रज्ञा भारती को साधारण अतिथि नहीं बनाया गया उन्हें सारस्वत अतिथि का दर्जा दिया गया। इस श्रेणी का अतिथि क्यों और कैसे बनाया जाता है की जानकारी लेने हम विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी कक्षा में गए थे। पर वहां ताला था इसलिए हम अपना ज्ञानवर्धक नहीं कर सके।

सारस्वत अतिथि अर्थात सरस्वती का साधक हमें लगता है कि शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत हर शिक्षक सरस्वती का साधक है। ऐसे में अतिथि का यह विशिष्ट वर्गीकरण केवल ज्ञान का अर्जिण है। पर इस चक्कर में केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति ने अटल विश्वविद्यालय के कुलपति को पछाड़ दिया क्योंकि अटल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में प्रज्ञा भारती को सारस्वत अतिथि का दर्जा नहीं मिला।

# दीक्षारंभ और कर्तव्य से विमुख होने के बीच संबंध



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** जब कार्यक्रम ही करना है तो रास्ते निकल ही आते हैं। मामला अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का है। लीजिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 संवेदीकरण कार्यक्रम छोटा शीर्षक है। आयोजन का नाम दीक्षारंभ समारोह 2024 मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या विष्णु देव साय जी अन्य जो नाम है लिखना जरूरी है अति विशिष्ट अतिथि दीदी मां प्रज्ञा भारती, कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य एडीएन बाजपेयी और संयोजक का दायित्व निभा रहे डॉक्टर एचएस होता । हमें इस कार्यक्रम से कोई लेना-देना नहीं था हम एक आरटीआई का आवेदन लगाने से 12:00 के पूर्व अटल विश्वविद्यालय गये। प्रथम डेस्क को छोड़कर किसी भी विभाग के कार्यालय का कोई भी छोटा बड़ा अधिकारी या कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं मिला। सब कार्यक्रम में संख्या बल बढ़ाने गए थे। प्रथम डेस्क पर उपलब्ध कर्मचारियों ने पहले हमें सलाह दी की रजिस्टर के दफ्तर में यह आवेदन को दें। हमने उसके सलाह को माना पर दोनों कुल सचिव के दफ्तर में ताला लगा था। जो कार्यालय खुला था उसने कोई कर्मचारी नहीं था।

हम फिर से प्रथम डेस्क पर आए तब कर्मचारी ने कहा। आपका आवेदन तो ओल्ड हाई कोर्ट भवन में लगेगा, हमें मजबूरी में उसे समझाना पड़ा की अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1), 6(3) के तहत वह आवेदन पत्र को संबंधित शाखा भेज सकता है। पूरे विश्वविद्यालय में जन सूचना अधिकारी एक ही होगा। पृथक विभाग के कार्यालय का पृथक जन सूचना अधिकारी नहीं होता, तब कहीं जाकर उसने हमें पावती दी। दीक्षारंभ समारोह हमारे लिए नई शब्दावली है। छोटे बच्चों की शिक्षा आरंभ एक संस्कार है। पर विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गाइडलाइन हो सकती है। इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री की पत्नी मुख्य अतिथि है। इसे ही समारोह का महत्व पता चलता है। अटल विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय स्वभाव से उत्साह धर्मी है। जहां चाह वहां राह की तर्ज पर पग - पग पर समारोह उनके बहु आयामी व्यक्तित्व पर एक छोटा सा लक्षण है। पर इन कार्यक्रमों के कारण विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी श्रोता बनाकर कार्यक्रम में बैठ जाते और अपने काम से जी चुराते हैं। इससे कार्य संस्कृति का पतन हो रहा है। और उसे पतन कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति महोदय अनजाने में करते हैं।

# नए एसडीएम ने की विभागीय समीक्षा बैठक, हितग्रहीमुलक कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने दिए निर्देश, विभागीय कामकाज की ली जानकारी



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन अनुविभाग के नए एसडीएम लवकेश ध्रुव ने आज विभागीय समीक्षा बैठक ली है। इस बैठक में पाटन ब्लॉक के सभी विभागों के प्रमुख मौजूद रहे। समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम श्री ध्रुव ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी विभाग के अधिकारी यह ध्यान में रखे की शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितकारी को मिले। इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाए। इसके अलावा हितग्राही मूलक कार्यों को प्राथमिकता से समय पर पूरा करें । साथ ही साथ सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया कि वह अपने विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को जरूर देवे। एसडीएम कार्यालय के सभागार में आज एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक लिया। श्री ध्रुव ने बारी-बारी से पाटन ब्लॉक के सभी विभाग के प्रमुखों से उनके विभाग में चल रहे कामकाज की जानकारी भी लिया। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा एवं पेयजल विषय पर विशेष दिशा निर्देश जारी किए। साथ ही साथ महिला बाल विकास के अधिकारी से परियोजना में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र तथा इन केंद्रों में आने वाले हितग्राही व बच्चों की जानकारी ली । इसके अलावा शिक्षा विभाग में स्कूलों की स्थिति ,शिक्षक की स्थिति के बारे में आवश्यक जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग में भी उन्होंने चिकित्सकों को समय पर अस्पताल आने के भी स्पष्ट निर्देश दिए। इसके अलावा कृषि विभाग ,खाद्य विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिया ।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह समय-समय पर निर्माण कार्यों, विकास कार्यों तथा हितग्राही मूलक योजनाओ की क्रियान्वयन की जानकारी लेते रहे। साथ ही साथ मॉनिटरिंग भी करते रहे जिससे कि कार्यों में कसावट आ सके। बैठक में ब्लॉक के विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

# फेडरेशन के आव्हान पर आज रायपुर में मशाल रैली

## सैकड़ों की संख्या में शामिल होंगे राजनांदगाव से अधिकारी-कर्मचारी



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने लेकर रहिबो-लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो-अब नई सहिबो मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ अगस्त क्रांति का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी के आह्वान पर राजनांदगांव में जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई, जिसमें में मुख्य रूप से डॉ. केएल टांडेकर, हरीश भाटिया, सतीश ब्यौहरे, रफीक खान, डीएल चौधरी, टीकम सिंह ठाकुर, संतोष चौहान, पीआर झाड़े, एनएल यादव, उत्तम फंदियाल, रामनारायण बघेल, एनएल देवांगन, डॉ. जैन, वीरेन्द्र रंगारी, अरुण देवांगन, संजय तिवारी, कृतलाल साहू, तुलेश कुंजाम, विनोद मिश्रा, मो. रफीक अंसारी, आदर्श वासनिक, अजित दुबे, एनएल देवांगन, विनोद टांडेकर, दुलार साहू, पुष्पेंद्र साहू, विजय यदु, अंबरिश प्रजापति, सुदेश यादव, संतोष यादव, हरिशंकर यादव, यशवंत वैष्णव, यशवंत नेताम आदि मौजूद रहे।

इन्होंने बताया कि 6 अगस्त 24 को इंद्रावती भवन (संचालनालय) से महानदी भवन (मंत्रालय) तक दोपहर 2 बजे से मशाल रैली एवं मंत्रालय के सामने प्रदर्शन होगा। मशाल रैली में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के घटक संगठनों के प्रांताध्यक्ष सहित प्रमुख पदाधिकारी, संभाग तथा जिला संयोजक सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार हमर सुनव सरकार आंदोलन का घोषणा किया है। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली एवं प्रदर्शन, द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त तक सांसदों एवं विधायकों को ज्ञापन, तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला-ब्लॉक-तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन होगा, यदि सरकार ने कर्मचारियों के हित को नजरअंदाज किया तो फेडरेशन अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लेने बाध्य होगा।

उन्होंने बताया कि मोदी की गारंटी भाजपा का घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृति करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने, भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने यकेन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने का मुद्दा शामिल है।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों को केन्द्र के समान देय तिथि 1 जनवरी तथा 1 जुलाई को महंगाई भत्ता (डीए) स्वीकृत नहीं करने का नीति से 1 जुलाई 2019 से 31 जुलाई 24 तक कर्मचारियों को जबरदस्त आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ श्रेणी को 68750 रूपये, तृतीय श्रेणी को 108980 रूपये, द्वितीय श्रेणी को 193490 रूपये एवं प्रथम श्रेणी को 445880 रुपयों का न्यूनतम औसत नुकसान हुआ है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से गन्ना किसानों के बकाया भुगतान हेतु कारखाने से जारी हुआ 12.62 करोड़ रुपए

### गन्ना किसानों को जल्द होगा बकाया भुगतान।

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा के लगातार प्रयास से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में गन्ना किसानों को लगभग 71 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक की राशि का अब तक किसानों को भुगतान किया जा चुका है और बकाया राशि भी जल्द ही उन्हें भुगतान कर दिया जाएगा।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया द्वारा पेराई वर्ष 2023-24 में पंडरिया विधानसभा के 7500 से अधिक शेयरधारी गन्ना किसानों से 2 नवम्बर 2023 से 5 अप्रैल 2024 तक 3.13 मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी हुई थी जिसका उचित एवं लाभकारी मूल्य के तहत (एफआरपी दर) भुगतान हेतु 91 करोड़ रुपए की राशि कारखाना द्वारा दी जानी थी। जिसमें से पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 12 करोड़ 62 लाख 14 हजार 255 रुपए की राशि जारी की गई है, जिससे किसानों में खुशी दिखाई दे रही है। इस राशि के साथ ही अब तक 27 फ़रवरी 2024 तक किसानों के बकाया राशि का भुगतान किया जा चुका है। आपको बताते चले कि अब तक विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से लगभग 71 करोड़ 92 लाख रुपए से अधिक की राशि अब तक किसानों को जारी की जा चुकी है और बकाया राशि भी जल्द ही उन्हें भुगतान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे पंडरिया विधानसभा में अधिकतर किसान हैं जो गन्ने की खेती करते हैं। गन्ना किसानों द्वारा बकाया भुगतान की राशि के बारे में मुझे अवगत कराया गया था जिसके लिए मैनें किसानों के हित को देखते हुए लगातार प्रयास किये की उन्हें बकाया राशि जल्द से जल्द दी जा सके। इसके पूर्व भी किसानों को दो से तीन किश्तों में बकाया राशि का भुगतान किया जा चुका है और आज 12 करोड़ 62 लाख 14 हजार 255 रुपए की राशि भी किसानों को भुगतान करने हेतु जारी की गई है जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। मैं पंडरिया विधानसभा के गन्ना किसानों को आश्वस्त करती हूँ कि भुगतान हेतु जो शेष राशि बकाया है उसका भी भुगतान जल्द करने हेतु हम लगातार प्रयास कर रहें हैं।



भावना बोहरा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसनों के हित एवं उनके अधिकार के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। हाल ही में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया के 11,892 शेयरधारी किसानों को नियमानुसार 50 किलो शक्कर प्रदान करने हेतु मंडी बोर्ड निधि से 33 लाख 62 हजार 457 रुपए एवं भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा हेतु 66 लाख 37 हजार 543 रुपये के अनुदान राशि की स्वीकृति भी प्रदान की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं कृषक कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ आज किसानों को जमीनी स्तर पर मिल रहा है।

## खबर-खास

## वेस्टर्न इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिले के 7 खिलाड़ी शामिल होंगे



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में आयोजित वेस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए कबीरधाम जिले के कवर्धा के सात प्रतिभागिया का चयन हुआ है। सभी प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राजस्थान के लिए रवाना हुए है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सभी प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है। राजस्थान के चित्तौडगढ़ में 2 से 4 अगस्त तक वेस्टर्न इंडिया पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित होने वाला है। इस प्रतियोगिता में पूरे देश के कोने-कोने से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के भारत हेल्थ क्लब जिम से 7 खिलाड़ी होने वाले पावर लिफ्टिंग खेल में अपना दमखम दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग का खेल आयोजित होगा जिसमें जिले से सीनियर वर्ग में 93 किलो ग्रुप में सूरज राजपूत जूनियर वर्ग में 83 किलोग्राम अनु चौहान, 105 किलो वर्ग में शुभम तिवारी और लक्की जाट इसी प्रकार महिला सीनियर वर्ग में 76 किलो में समूह में दीपाली सोनी और जूनियर वर्ग मैं सोमिया पांडे 76 वर्ग का चयन हुआ है। इससे भी पहले जिले के लिए नेशनल में मेडल ले चुके हैं। सभी खिलाड़ी कवर्धा के भारत हेल्थ क्लब जिम में अभ्यास करते हैं। बॉडीबिल्डिंग पावरलिफ्टिंग वेट लिफ्टिंग के कोच श्री सूरज राजपूत के मार्ग मार्गदर्शन में खिलाड़ी अपना अभ्यास करते हैं।

## 28 मछलीपालक किसानों को मछली बीज का किया गया वितरण

**गरियाबंद।** मत्स्यपालन विभाग द्वारा जिले के देवभोग विकासखण्ड के दूरस्थ अंचल के ग्राम मुचबहल में 28 मछलीपालक किसानों को उनके आजीविका संवर्धन के लिए मछली बीज का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर एवं मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक आलोक वशिष्ठ ने किसानों को तालाब में मत्स्य पालन के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक मत्स्य अधिकारी पी.एस दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, मत्स्यपालक कृषक एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर पेराई सीजन 23-24 के गन्ना किसानों को पूरा भुगतान जारी

### भोरमदेव शक्कर कारखाने द्वारा गन्ना किसानों को कुल 113 करोड़ 52 लाख रुपए का भुगतान हुआ।

### जल्द ही रियायत दर पर 50 किलो शक्कर भी मिलेगा।

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पवित्र सावन महीने में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर के द्वारा त्योहारी सीजन में गन्ना किसानों को एफआरपी गन्ना भुगतान अंतर्गत 6 करोड़ 2 लाख रुपए का भुगतान जारी किया गया है। इस भुगतान के साथ पेराई सीजन वर्ष 2023-24 में



कारखाने में गन्ना बेचने वाले किसानों को कुल 113 करोड़ 52 लाख रुपए का भुगतान जारी कर दिया गया है। इस सत्र में गन्ना बेचने वाले सभी किसानों का 100 प्रतिशत भुगतान कारखाना द्वारा कर दिया गया है।

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक जी.एस. शर्मा ने बताया कि भोरमदेव शक्कर कारखाने का 100 प्रतिशत भुगतान जारी हो गया। वहीं दूसरी ओर किसानों को जल्द ही रियायत दर पर 50 किलो शक्कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि त्यौहारी सीजन में गन्ना की राशि मिलने से क्षेत्र के गन्ना किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना द्वारा पूर्व वर्षों के अनुसार ही एफआरपी गन्ना राशि का शत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसानों की जागरूकता और उच्च क्वालिटी की गन्ना कारखाने को आपूर्ति करने के कारण रिकवरी में भी पिछले वर्ष से वृद्धि हुई है। जिसके कारण इस वर्ष किसानों को शीघ्र ही रिकवरी का राशि भी पिछले वर्ष से ज्यादा मिलेगा। उन्होंने बताया कि किसानों को रिकवरी राशि का भुगतान भी अतिशीघ्र किया जाएगा।

## उच्च शिक्षा विभाग के अनुरूप महाविद्यालय में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में आज दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अब्दुल गफ्फार मेमन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गरियाबंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेन्द्र सोनटेके उपाध्यक्ष नगर पालिका गरियाबंद,मुरलीधर सिन्हा,मिलेश्वरी साहू,समाजसेवी बलदेव सिंह हुंदल को आमंत्रित थे ।इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर की गई । नवागंतुक छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया ।कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के तलवरे द्वारा दिया गया ।महाविद्यालय की मूलभूत जानकारियां, सभी विभागों के सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का परिचय, छात्रवृत्ति,खेल,ह्स्स जैसे विभिन्न गतिविधियों के बारे में सी एल तारक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने विस्तार पूर्वक बतलाया ।डॉ निलंबर पटेल और डॉ सत्यम कुंभकार ने ह्श्वक्क 2020 के उद्देश्य,इसकी महत्ता,एवं इसके अंतर्गत विभिन्न कोर्सेज जैसे छ्स्ष्ट, तश्व,ड्क्ष्ट के बारे में बहुत ही सहज और सरल भाषा में छात्रों को बताया तथा उन्हें अपने रुचि के अनुसार इन विषयों के चयन करने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रेमानंद महिलांग द्वारा किया गया । कार्यक्रम में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी तथा महाविद्यालय से डॉ जीएस दास, डॉ प्रभात रंजन,डॉ संजय यादव,गौतम कुर्रे,एस के बंजारे , श्री भुनेश्वर कुर्रे,दीपशिखा टोप्पो,डॉ खुशी देवांगन एवं समस्त कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## गंगा जमुना गोल्ड नमकीन में पर्याप्त लेबलिंग नहीं करने पर 3 संस्थानों पर कुल 5 लाख 55 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दाखिल प्रकरण में अपर कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** गंगा जमुना गोल्ड नमकीन के पैकेट पर सही जानकारी युक्त पर्याप्त लेबल नही किए जाने और नियमानुसार पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदर्शित नही किए जाने पर 3 संस्थानों पर कुल 5 लाख 55 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मिथ्याछाप खाद्य सामग्री बेचने वाले 2 संस्थान और 1 विनिर्माता पर लगाया गया है ।इनमें गंगा जमुना नमकीन के विक्रेता राज डेली नीड्स एंड जनरल स्टोर्स गरियाबंद पर 25 हजार रुपए,जय शारदा स्टोर्स नवापारा राजिम पर 30 हजार रुपए एवं खाद्य उत्पाद के विनिर्माता गणपति नमकीन लभराखुर्द महासमुंद पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है ।जिला प्रशासन द्वारा लोगों से यह अपील की गई है कि जिले में खाद्य गुणवत्ता से संबंधित शिकायत के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मोबाइल नंबर 9340597097 पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना दे सकते है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गरियाबंद तरुण बिरला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर गरियाबंद के राज डेली नीड्स एंड जनरल स्टोर्स पर गंगा जमुना गोल्ड नमकीन का सैंपल लिया गया था। संकलित नमूना को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था ।ग्राहकों को बेचे जाने वाले उक्त खाद्य सामग्री के लेबल में त्रुटी होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया था। मिथ्याद्याप पाए गए खाद्य के प्रकरण में नियमानुसार जांच पूर्ण कर अपर कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया गया। अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी अरविंद पाण्डेय द्वारा अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए प्रकरण में आदेश पारित किए गए है। जिनमे कुल 5 लाख 55 हज़ार रुपये की शास्ती अधिरोपित की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त खाद्य उत्पाद गंगा जमुना नमकीन ब्रांड के पैकेट पर्याप्त जानकारी युक्त लेबल नही लगा पाया गया। जिससे उपभोक्ताओं को खाद्य सामग्री संघटकों की जानकारी नहीं मिल पाएगी ।यह खाद्य सुरक्षा मानक विनियम 2020 का उल्लंघन है। इसी प्रकार लेबल पर पोषण सूचना भी नियमानुसार नही पाया गया है। उक्त से खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम का उल्लंघन पाया गया। उक्त कारणों से संस्थानों पर कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ता कोई भी उपभोग किये जा रहे खाद्य की क्वालिटी, संघटक, विनिर्माता का नाम पता,पोषण मूल्य, शाकाहारी, मांसाहारी आदि सही जानकारी प्राप्त करने का अधिकार रखते है। इसलिए विनिर्माण परिवहन,वितरण तथा विक्रय के सभी स्तरों पर खाद्य कारोबारकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा विनिर्माण,परिवहन,वितरण अथवा विक्रय किये जा रहे खाद्य का लेबल खाद्य सुरक्षा मानक लेबलिंग तथा प्रदर्शन विनियम 2020 के अनुपालन में हो। जिससे उपभोक्ताओं एवं ग्राहकों को खाद्य के संबंध में स्पष्ट,उचित तथा सही जानकारी प्राप्त हो।

## जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर के कवर्धा स्थित निवास में एसीबी का छापा

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू के जी श्याम नगर में स्थित निवास में शनिवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। सुबह 6 बजे से लगातार घंटों चले इस कार्रवाई में दरवाजे पर पुलिस का पहरा लगा हुआ था, जिससे कोई भी व्यक्ति बाहर से अंदर तथा अंदर से बाहर न जा सके। एसीबी की टीम अपने छह सदस्यों के साथ जीश्याम नगर स्थित घर पहुंची और अपना परिचय देने के बाद परिवार के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार वर्तमान में श्री साहू बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं। वे कवर्धा के पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी हैं। एसीबी की यह कार्रवाई आय से अधिक से संपत्ति के मामले में की गई है। उनकी पत्नी पूर्णिमा साहू भी शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं। एसीबी की टीम पूर्णिमा से पूछताछ की और आय से अधिक संपत्ति के मामले में जरूरी दस्तावेज खंगाल रही है। डीएसपी के नेतृत्व में एसीबी की टीम बारीकी से जांच कर रही है, जिससे आय से अधिक संपत्ति के बारे में वास्तविक तथ्यों का पता चल सके।

## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता नवाब खान (NAWAB KHAN) पिता डेरहा खान (रमजान) (DERHA KHAN) (RAMJAN) निवासी ग्राम मचान्दुर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.,

मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं. 5671 6787 1194 मेरा नवाब खान (NAWAB KHAN) पिता रमजान (RAMJAN) अंकित है।

मेरे पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र में उनका नाम डेरहा खान (रमजान) (DERHA KHAN) (RAMJAN) अंकित है।

मेरा सही व वास्तविक नाम नवाब खान (NAWAB KHAN) पिता डेरहा खान (रमजान) (DERHA KHAN) (RAMJAN) से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे राजस्व अभिलेख, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला दुर्ग

### इश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी इंद्राणी शर्मा पिता/पति-स्वसनंत शर्मा पता, श्रीकांत पिता/पति-शारदाप्रसाद पता-, नरेन्द्र दुबे पिता/पति-स्वरामकृष्ण शर्मा पता-सुशीलकुमार पिता/पति-शारदाप्रसाद पता-, अशोक शर्मा पिता/पति-स्यरामकृष्ण शर्मा पता, अवधेश कुमार पिता/पति-शारदाप्रसाद पता, गोवर्धन प्रसाद पिता/पति-तुलसी पता-, रामानंद पिता/पति-शारदाप्रसाद पता, रामबाई पिता/पति-स्यगोविंद प्रसाद पता-, सुभाष पिता/पति-शारदाप्रसाद पता-, विनोदशर्मा पिता/पति-स्वरामकृष्ण शर्मा पता-, चंद्रकांत पिता/पति-शारदाप्रसाद पता-, नंदकुमार दुबे पिता/पति-स्वरामकृष्णशर्मा पता-सिकोला, शिवकुमार पिता/पति-शारदाप्रसाद पता- के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 193/5(0.0140), 29/1(1.0270), 202/4(0.8330), 71/3(0.0570), 109/10(0.0380), 145/1(0.3620), 154/1(0.0920), 173/1(0.0160), 71/1(0.0990) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रामबाई पिता/पति-स्वगोविंद प्रसाद पता-, रामानंद पिता/पति-शारदा प्रसाद पता-, नंदकुमार दुबे पिता/पति-स्वरामकृष्ण शर्मा पता-सिकोला, शिवकुमार पिता/पति-शारदा प्रसाद पता-, नरेन्द्र दुबे पिता/पति-स्व रामकृष्ण शर्मा पता-, सुशील कुमार पिता/पति-शारदा प्रसाद पता-, अशोक शर्मा पिता/पति-स्वरामकृष्ण शर्मा पता, अवधेश कुमार पिता/पति-शारदाप्रसाद पता-, श्रीमती लक्ष्मी दुबेपिता/पति-स्व. सुभाषचंद्र दुबे पता-वार्डनं.- 24, कट्टीमौहल्ला, शहडोल, मध्यप्रदेश, विनोद शर्मा पिता/पति-स्वरामकृष्ण शर्मा पता-, चंद्रकांत पिता/पति-शारदा प्रसाद पता-, इंद्राणी शर्मा पिता/पति-स्वसनंत शर्मा पता, श्रीकांत पिता/पति-शारदा प्रसाद पता, गोवर्धन प्रसाद पिता/पति-तुलसी पता- के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/08/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार दुर्ग

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि हमारी पंजीकृत संस्था मेसर्स जी.जी. एसोसियेट्स पंजीयन क्रमांक S-R/480/2014-15 पंजीयन कार्यालय हाऊस नं. 17/5, सड़क नं. 05, कादम्बरी नगर, धमधा रोड़, दुर्ग (छ.ग.) साझेदार श्री मनीष मित्तल आत्मज श्री रमेश चन्द मित्तल आशीष मित्तल आत्मज श्री रमेश चन्द मित्तल, आयुष मित्तल आत्मज श्री रामनिवास मित्तल तथा आकाश मित्तल आत्मज श्री रामनिवास मित्तल चारों निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग है। इस प्रकार इस संस्था में कुल चार साझेदार है, जिसमें से श्री मनीष मित्तल एवं श्री आशीष मित्तल दिनांक 01.04.2024 से दोनों अलग हो गये है तत् पश्चात् दिनांक 01/04/2024 से श्री आयुष मित्तल आत्मज श्री रामनिवास मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग (छ. ग.) 50 प्रतिशत के भागीदार एवं श्री आकाश मित्तल आत्मज श्री रामनिवास मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग (छ.ग.) 50 प्रतिशत के भागीदार होंगे। इस प्रकार दिनांक 01/04/2024 से कुल दो साझेदार फर्म में होंगे। इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था अथवा पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में सम्पर्क करे। 07 दिनों के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। सो सूचनार्थ जाने

मेसर्स जी.जी. एसोसिएट्स
पार्टनर

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत संस्था मेसर्स गायत्री राईस मील पंजीयन क्रमांक 22202266946 संदर्भ क्रं. 2630860027 कार्यालय 34, 35 इंडस्ट्रीज एरिया, धमधा रोड दुर्ग (छ.ग.) साझेदार श्री रमेश चंद मित्तल आ0 स्व. श्री प्रभाती लाल मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग तथा राम निवास मित्तल आ0 स्व. श्री प्रभाती लाल मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग है। इस प्रकार संस्था में दो भागीदार है। श्री राम निवास मित्तल आ0 स्व. श्री प्रभाती लाल मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग जो कि 45% के भागीदार है इस संस्था से अलग हो गये है, तथा श्री विकास मित्तल आ0 श्री रमेश चंद मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग दिनांक 19.04.2024 से इस साझेदारी संस्था में साझेदार बन गये है इस संस्था का पता पूर्व अनुसार ही है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा पक्षकार को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में संपर्क करें एवं 07 दिनों के पश्चात् किसी भी प्रकार की काई आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। सो सूचनार्थ जाने।

मेसर्स गायत्री राईस मील
पार्टनर
34, 35 इंडस्ट्रीज एरिया,
धमधा रोड दुर्ग (छ.ग.)

## आम सूचना

आदर्श महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित मदर टेरेसा नगर, केंप 01. भिलाई , जिला-दुर्ग, पंजीयन क्रमांक 2849 के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन छ.ग. राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेश क्रमांक/रा.स.नि.आ./ निर्वाचन / डी.आर.जी.-153/2023/832 रायपुर, दिनांक 12/04/2023 के अनुपालन में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्रीमती प्रीति सोनी द्वारा दिनांक 05/08/2024 को कर दिया गया है। सोसायटी के सदस्यों को तत्संबंध में किसी प्रकार की दावा/आपत्ति यदि हो तो दिनांक 06/08/2024 से दिनांक 12/08/2024 तक मेरे द्वारा प्राधिकृत संगीता खोब्रागडे, बर्हिगामी अध्यक्ष को सोसाइटी कार्यालय आदर्श महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित मदर टेरेसा नगर, केंप 01. भिलाई , जिला-दुर्ग, पंजीयन क्रमांक 2849 को कार्यालयीन समय में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। सदस्यों से प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दिनांक 13/08/2024 को समय दोपहर 12:00 बजे कार्यालय आदर्श महिला प्राथमिक

सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित मदर टेरेसा नगर, केंप 01, भिलाई, जिला-दुर्ग, पंजीयन क्रमांक 2849 में किया जायेंगा। तत्पश्चात् अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जावेगा।

(श्रीमती प्रीति सोनी)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी

## न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा0प्र0क्रमांक 202407100900035
अ 6 अ वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम तरीघाट प.ह.नं. 36 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक गुलशन कुमार चेलक पिता सुखमल चेलक निवासी ग्राम तरीघाट तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम तरीघाट तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 944/1 रकबा 0. 01 हे0 में नाबालिक दर्ज होने से वर्तमान में बालिक होने से उक्त भूमि में नाबालिक से बालिक दर्ज किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक गुलशन कुमार चेलक पिता सुखमल चेलक निवासी ग्राम तरीघाट के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार आवेदन की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / सस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 16.08.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त बावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनाक 26.07.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार पाटन
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन, जिला दुर्ग (छ0ग0)

### ईश्तहार

प्र0क्र0 202407100600029/
अ-2 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री अनुप्रास चंद्राकर पिता/पति श्री नितिश चंद्राकर निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.), के द्वारा ग्राम फुंडा, प.ह.न. 20, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 330/7, 329/4 रकबा 0.0130, 0.0200 हे., अर्थात् 3517 वर्गफीट भूमि पर वाणिज्यिक प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपन अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25/07/2024 न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./32/अ-20(3)/2023-24

आवेदक लिजी इंडिचांडी अब्राहम आ. स्व. व्ही.ए.इंडिचांडी निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा न. 1/2, 2/2 का टु.प्लाट न. एम.आई.जी. 1/710 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारक व्ही.ए इंडिचांडी आ. व्ही.ए अब्राहम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 02.07. 2011 की एवं उनकी पत्नि श्रीमती सरम्मा इंडिचांडी की मृत्यु दिनांक 28.11.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री लिजी इंडिचांडी अब्राहम एवं लिनु बिनो साइमन है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों की नाम पर फौती नामांन्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था की दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.08.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिरो भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 29.07.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी,
दुर्ग

# शासकीय महाविद्यालय बसना मे दीक्षारंभ समारोह सम्पन्न

**बसना ( समय दर्शन )।** बसना के स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन हुआ। नव प्रवेशी विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वातावरण, विभागों, शैक्षणिक सुविधाओं और एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस जैसी सहगामी गतिविधियों से परिचित कराया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत से हुआ ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी एवं संस्था के प्राचार्य डॉ.एस.के.साव की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि रामचंद्र अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, स्काउट गाइड संघ उपाध्यक्ष कामेश बंजारा, टिकेलाल साव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।




नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी एवं विधायक प्रतिनिधि रामचन्द्र अग्रवाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य, मुख्य प्रावधान और नवीन अनुसंधान प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं एवं पत्रकार साथीगण आर के दास, सुखदेव वैष्णव, गौरीशंकर दास, मनहरण सोनवानी,जोहन नाग, परमीत सिंह आदि उपस्थित रहें। सहायक प्राध्यापकगण श्रीमती आरती साव, एनके प्रधान, डॉ. सी. बखला, विजय कठाने,अजय जलक्षत्री, श्रीमती गीतिका प्रधान, संतोष कुमार धृतलहरें, दीपक कुमार साहू, मोहनलाल बांधे, श्रीमती रोशनी गुप्ता, कु. दीपिका अग्रवाल, मितेश नंद का सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त-खबर

### सरपंच पर पद का दुरूपयोग करने की शिकायत, सरकारी भूमि में अवैध कब्जा कर बनाया पक्का दिवाल, जनदर्शन में हुई शिकायत

बलराम यादव



**पाटन।** पाटन विकासखंड के ग्राम केसरा के ग्रामीण तुलसीराम सेन ने ग्राम पंचायत केसरा के सरपंच भागवत सिन्हा पर पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। तुलसीराम सेन ने आज कलेक्टर जन दर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर कार्रवाई की मांग की है।। सरपंच केसरा पर पद का दुरुपयोग करते हुए शासकीय भूमि में अतिक्रमण करके पक्का दीवाल बनाने का आरोप लगाया है। जिस पर जांच की मांग कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत केसर के नागरिक तुलसीराम सेन ने आज कलेक्टर दुर्ग को जनदर्शन में ज्ञापन सोपा है । ज्ञापन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत केसरा के सरपंच भागवत सिन्हा ने अपने पद का दुरुपयोग किया है। उन्होंने ग्राम जमीन खसरा नंबर 2030 ,रकबा 0.02 का टुकड़ा के 36 वर्ग मीटर तथा खसरा नंबर 2031 का रकबा 1.56 का टुकड़ा 68 वर्ग मीटर पर शासकीय जमीन पर पक्का दीवाल उठाकर अवैध कब्जा किया है। सरपंच के द्वारा इस तरह से अवैध कब्जा करने की शिकायत करते हुए उक्त ग्रामीण ने मांग किया है कि इसकी जांच किया जाए और जांच के बाद अवैध कब्जा को हटाया जाए। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नक्शा खसरा सहित सरपंच के द्वारा बनाए गए पक्का दीवाल का भी फेटो संलग्न किया गया है।

### कट रहे जंगल,विभाग मौन



**साँकरा ( समय दर्शन )।** बसना विधानसभा एवं विकास खण्ड पिथौरा अंतर्गत साँकरा क्षेत्र के ग्राम बीजेमाल के जंगल अंधाधुंध काटे जा रहे । सो रहे हैं विभागीय कर्मचारी, राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के किनारे करोड़ो कि बेसकीमती जंगल की अवैध कटाई कर अब जंगल के भीतर खेती किसानी का काम हो रहा है। जंगल की रक्षा करने वाले वन विभाग के सिपाही वनों की सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं। अधिकारी कार्यवाही से कोसों दूर है ? पिथौरा वन विभाग की कार्यशैली निराशाजनक है।

मामला लोहरीनडोंगरी एवं विजेमाल, माटीदरहा, टेमरी का है। जहां अनेकों एकड़ जंगल के बेसकीमती पेड पौधे एवं हरियाली को नेस्तनाबूत कर मैदान में तब्दील कर चुके हैं बेजा कब्जाधारी। विगत दिनो ग्राम लोहरिनडोंगरी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के किनारे कक्ष क्रमांक 257 मे भी करोड़ो के बेसकीमती वनांचल की अंधाधुंध कटाई की गई है। सूत्रों की माने तो वन रकक्ष के जानकारी में ग्रामीणों द्वारा पेड़ो की कटाई की गई है। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्यगणो ने बताया कि फ़ॉरेस्ट गार्ड ड्यूटी करने नहीं आते ? समिति के सदस्यों के द्वारा शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है द्य ग्राम विजयमाल के जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है द्य आदिवासी समुदाय के लोग सराई पेड़ की पूजा अर्चना करते हैं लेकिन कुछ वर्षों बाद यह पेड़ पूजा के वास्ते भी नहीं मिलेगा द्य नेशनल हाइवे 53 के किनारे कक्ष क्र. 257 में कई एकड़ जंगल काटकर अब खेती किसानी का कार्य किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों के सुस्त रवैये से वन अंधाधून कट रहा है और शासन प्रशासन पेड लगवाने मुहिम चला रही है।

### शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि बने ओंकार डहरिया



**बिलाईगढ़ (समय दर्शन)।** बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने बिलाईगढ़ के विकाशखण्ड अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय हाई/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में विधायक प्रतिनिधियों नियुक्त किया है क्षेत्र के पढ़ाई समस्या को लेकर सदैव तत्पर रहने को विधायक ने कहा लगभग 30 स्कूलों में प्रतिनिधि नियुक्त किया है उसी कड़ी में शिक्षा विभाग के लिए बिलाईगढ़ के बहुत ही कम उम्र में राजनीति से जुड़े और जन सेवा की भावना रखने वाले ओमकार डहरिया को भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दूरुग के लिए न्यूक्त किया गया है वही शिक्षा के क्षेत्र में भावनात्मक सोच रखने वाले डहरिया ने विधायक कविता प्राण लहरे का आभार व्यक्त किया और साथ ही यह विश्वास दिलाया कि जिस उम्मीद और भरीसे के साथ जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाने की बात कही।

# उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने किया मां के नाम पौधारोपण, विधायक ने आमजनों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बसना ( समय दर्शन )।** नगर स्थित मंगल भवन प्रांगण में श्री अग्रवाल सभा के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल के प्रतिनिधि व नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' के संदेश के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री सुमित अग्रवाल ने पेड़-पौधों की उपयोगिता एवं महत्व बताते हुए सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की। उन्होंने कहा की पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेते हुए एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण महाअभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। पौधारोपण कार्यक्रम में नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने की अपील की। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के सुअवसर पर पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक से मां के सम्मान के स्वरूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की थी।

इस अवसर पर अग्रवालनर्सिंग होम बसना मे संचालक डॉ एनके अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल,पूर्व अध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, राईसमील एसोसिएशन व अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, किशोरी लाल अग्रवाल, कश्मीरी अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, देवचरण अग्रवाल, सावर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, पार्षद व स्काउट गाइड संघ अध्यक्ष शीत गुप्ता, उपाध्यक्षगण विकास वाधवा, कामेश बंजारा, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच उन्नति शाखा एवं अग्रवाल महिला मण्डल की महिलाएं सम्मिलित हुए।

# कोसीर बाजार चौक मे बोल बम ग्रुप ने किया महाभंडारा का आयोजन

■ **लोगो ने कहा प्रसाद ग्रहण कर आनंदित हुए**

**कोसीर ( समय दर्शन )** आज 5 सितम्बर सावन की तीसरी सोमवार बडे ही शुभ माना गया है जिसे लेकर भक्त गणो मे काफी उत्साह दिखाई दी भक्तो ने अपने अपने विचार के साथ अनेको प्रकार से भगवान भोलेनाथ की पूजा पाठ की सुबह से ही मंदिरो मे भक्त जनों का ताता लगा रहा सभी भक्त गण ने धूप दीप जलाकर भगवान भोलेनाथ की चरणों मे दिन भर लगा रहा इस तरह से अंचल के गांव गांव मे बोल बम ग्रूप वालो ने जमकर भगवान भोलेनाथ की जयकारे लगाए वही कोसीर बोलबम ग्रूप ने प्रतिवर्ष भोले नाथ के दरबार मे जल चढाने दूर दूर इलाके पहूच कर दर्शन कर वापस लौट है बोल बम ग्रूप ने इस बार कोसीर बाजार चौक मे महाभंडारा का आयोजन किया और आने जाने वाले लोगो को खिरपुड़ी खिला कर एक अच्छी पहल की शुरुआत किया इस महाभंडारा मे अंचल के काफी लोग पहुंचे और भगवान की प्रसाद ग्रहण किये इस तरह अंचल के लोगो ने ने इस महाभंडारा की काफी सराहना की और कहा ऐसे ही अच्छी व सराहनीय पहल अंचल मे होती ही रहना चाहिए आज सावन सोमवार होने से लोगो मे काफी उत्साहित देखा गया सुबह से ही लोग महाभंडारा मे प्रसाद लेने पहुंचे इस तरह से ऐतिहासिक नगरी कोसीर मे आज पूरा दिन भक्तिमय महौल बना रहा और भगवान भोलेनाथ की जयकारे गूंजता रहा।





## प्राथमिक शाला चंगोरी में एक पेड़ मां के नाम पौधे रोपे गए




**पाटन ( समय दर्शन )।** शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी में एक पेड़ मां के नाम बच्चों ने अपने माता के साथ पौधे रोपित किया गया। एस एम सी के सदस्यों , पालक गण एवं शिक्षकों के द्वारा भी पेड़ लगाया गया। संस्था के प्रधान पाठक श्री विरेंद्र कुमार साहू ने पेड़ों की महत्व एवं वर्तमान में पेड़ों की आवश्यकता के बारे में विस्तृत चर्चा किया। रोपित पौधे की देखभाल एवं सुरक्षा संबंधी श्री योगेश वर्मा सहायक शिक्षक एवं सुश्री योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक के द्वारा शपथ दिलाया गया। प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा बच्चों की जन्मदिवस पर पेड़ लगाने हेतु सभी बच्चों एवं पालको को प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक श्री विरेंद्र कुमार साहू, श्री योगेश कुमार वर्मा, सुश्री योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, सीता मानिकपुरी, ललिता कोसरिया, एवं पालक गणो की उपस्थिति रहा।







स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24